You Tube Subscribe Amar Bhaskar News @amarbhashkarnews Amar bhashkar



हिन्दी दैनिक

# अमर भास्कर

ज़िद सच की

उत्तर प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, मध्यप्रदेश, झारखंड, बिहार, छत्तीसगढ़ एवं उत्तराखंड में प्रसारित



सीएम योगी की अध्यक्षता में नमो घाट पर शुरू हुआ....01

Email- amarbhashkar21@gmail.com, www.amarbhashkar.in

अखिलेश यादव बोले कुंभ को लेकर भ्रम फैला रही है.....01

वर्ष: 02 अंक: 211 | बदायूं, रविवार 16 फरवरी 2025 | पृष्ठ- 08 | मूल्य- 4.00 रूपये

### कोकराझार में बोले पीएम मोदी

## बोडो समुदाय को सशक्त बनाने के लिए हो रहे अथक प्रयास

**दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने असम में आंदोलन के केंद्र रहे कोकराझार में 17 फरवरी को आयोजित होने वाले ऐतिहासिक एक दिवसीय विशेष विधानसभा सत्र का स्वागत किया है। पीएम मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि केंद्र और असम दोनों में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकारें बोडो समुदाय को सशक्त बनाने और बोडो आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए अथक प्रयास कर रही हैं।



वहीं, असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा ने विकास के बारे में जानकारी दी और कहा कि सत्र का एक प्रमुख एजेंडा छठी अनुसूची क्षेत्रों के प्रशासन को मजबूत करना होगा। इस पल को अपने राजनीतिक करियर का सबसे महत्वपूर्ण क्षण बताते हुए सीएम हिमंत बिस्वा सरमा ने प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व और मार्गदर्शन के लिए भी धन्यवाद दिया है।

सीएम हिमंत बिस्वा सरमा ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, 17 फरवरी को असम ऐतिहासिक मील का पत्थर हासिल करेगा, क्योंकि कोकराझार, जो कभी बोडोलैंड आंदोलन का केंद्र था, एक दिवसीय विशेष विधानसभा सत्र आयोजित करेगा। मुख्य एजेंडा छठी अनुसूची क्षेत्रों के प्रशासन को मजबूत करना होगा, जिसमें राज्यपाल का अभिभाषण एक प्रमुख आकर्षण होगा। उन्होंने कहा, यह माननीय प्रधानमंत्री के असम के प्रति अटूट प्रेम और माननीय गृह मंत्री के मार्गदर्शन से संभव हुआ है। उनका नेतृत्व शांति, स्थिरता और प्रगति की ओर हमारी यात्रा को आगे बढ़ाता रहेगा।

मुख्यमंत्री के पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए प्रधानमंत्री ने इसका स्वागत किया और कोकराझार की अपनी यात्रा को भी याद किया। पीएम मोदी ने लिखा- केंद्र और असम दोनों में एनडीए सरकारें बोडो समुदाय को सशक्त बनाने और बोडो आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए अथक प्रयास कर रही हैं। ये कार्य और भी अधिक जोश के साथ जारी रहेंगे। मुझे कोकराझार की अपनी यात्रा याद आती है, जहां मैंने जीवंत बोडो संस्कृति देखी थी।

### मर गया है चुनाव आयोग, नोटिस भेजा तो कोर्ट में होगी बात

**लखनऊ।** स्थित सपा कार्यालय में पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने शनिवार को प्रेस वार्ता को संबोधित किया। इस मौके पर उन्होंने मिल्कीपुर चुनाव से लेकर विभिन्न मुद्दों पर भाजपा को घेरा। उन्होंने बार फिर कहा कि चुनाव आयोग मर गया है। चुनाव आयोग नोटिस भेजेगा तो कोर्ट में बात की जाएगी। वहां हमें अपनी बात और भी तफसील से रखने का मौका मिलेगा। सपा अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा सरकार ने महाकुंभ को लेकर भ्रम फैलाया है।

## ड्रोन की क्रांति को समझने में असफल रहे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी

### राहुल गांधी का सरकार पर जोरदार हमला

**दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शनिवार को केंद्र की भाजपा सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर बड़ा हमला बोला। उन्होंने कहा कि भारत में प्रतिभा तो है, लेकिन युवाओं को रोजगार देने के लिए नई तकनीक में औद्योगिक कौशल विकसित करने की जरूरत है। इसके लिए उसे मजबूत उत्पादन आधार की जरूरत है। इसके लिए खोखले शब्दों की जरूरत नहीं है। उन्होंने जोर देकर कहा, श्भारत के युवाओं के लिए आगे आने और यह सुनिश्चित करने का समय है कि भारत पीछे न छूटे।



लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने मौजूदा वक्त में युद्ध क्षेत्र और अन्य जगहों पर ड्रोन की उपयोगिता का जिक्र किया। उन्होंने शनिवार को दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसकी क्रांति को समझने में असफल रहे हैं। दरअसल, कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने ड्रोन और उससे जुड़ी प्रौद्योगिकी को लेकर एक वीडियो अपने यूट्यूब चैनल पर अपलोड किया।

उन्होंने कहा, श्ड्रोन ने संचार के लिए बैटरी, मोटर और ऑप्टिक्स के संयोजन से युद्ध के क्षेत्र में क्रांति ला दी है। ड्रोन सिर्फ प्रौद्योगिकी नहीं हैं, बल्कि वे एक मजबूत औद्योगिक प्रणाली द्वारा संचालित निचले स्तर के नवाचार हैं। उन्होंने युद्ध क्षेत्र को ही बदल दिया है। टैंक, तोपखाने और यहां तक कि विमान वाहक को कम प्रासंगिक बना दिया है। राहुल ने कहा कि यह क्रांति सिर्फ युद्ध के बारे में नहीं है- यह उद्योग, एआई (कृत्रिम मेधा) और प्रौद्योगिकी की अगली पीढ़ी के बारे में है। उन्होंने कहा, श्दुर्भाग्य से प्रधानमंत्री मोदी इसे समझने में असफ्ल रहे हैं, जबकि वह टेलीप्रॉम्प्टर की मदद से भाषण देते हैं। हमारे प्रतिस्पर्धी नई प्रौद्योगिकियों में महारत हासिल कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि असली शक्ति सिर्फ ड्रोन बनाने में नहीं है, बल्कि 'इलेक्ट्रिक' मोटर, बैटरी, 'ऑप्टिक्स' और उत्पादन नेटवर्क को नियंत्रित करने में भी है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा, यदि हम उत्पादन को नियंत्रित नहीं करते है।

## एक नजर

### प्रयागराज सड़क हादसे में 10 श्रद्धालुओं की मौत

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज जिले में एक बार फिर से दर्दनाक हादसा हुआ है। हादसे में दस श्रद्धालुओं की मौत हो गई है। जबकि 19 घायलों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। दर्दनाक हादसा कैसे हुआ, पुलिस ने इसकी जांच शुरू कर दी है। शुरुआती जांच में नींद की झपकी आना बताई जा रही है।

प्रयागराज में शुक्रवार की रात लगभग दो बजे यह बड़ा हादसा हुआ। श्रद्धालुओं से भरी बोलेरो और श्रद्धालुओं से ही भरी बस के बीच भीषण टक्कर होने से यह सड़क हादसा हुआ। जिस समय हादसा हुआ, उस वक्त बस और बोलेरो में सवार लोग गहरी नींद में थे। जानकारी के अनुसार, छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले से श्रद्धालुओं को लेकर महाकुंभ में स्नान कराने के लिए आ रही एक बोलेरो प्रयागराज के मेजा थाना इलाके में पहुंचते ही मिर्जापुर-प्रयागराज हाईवे पर मनु के पूरा गांव के सामने बेकाबू हो गई। बेलेरो की सामने से आ रही एक बस से भीषण टकर हो गई। बोलेरो में सवार सभी दस श्रद्धालुओं की मौत।

## काशी तामिल संगम 3.0 की शुरूआत- सीएम योगी की अध्यक्षता में नमो घाट पर शुरू हुआ कार्यक्रम

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**वाराणसी।** नमो घाट पर काशी तमिल संगमम 3.0 की शुरूआत हुई। इस दौरान एक भारत श्रेष्ठ भारत की तस्वीर दिखाई दी। मंच पर सीएम योगी के साथ केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और केंद्रीय सूचना प्रसारण मंत्रालय के मंत्री डाक्टर एल. मुरुगन ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया।



बता दें कि महाकुंभ के बीच में और अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद काशी में ये आयोजन हो रहा है जिसका संचालन आईआईटी मद्रास और बीएचयू करेंगे। यहां कला संस्कृति व्यंजन और व्यवसाय का अद्भुत संगम दिख रहा है और आगे भी दिखेगा। बता दें कि महाकुंभ के बीच में और अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद काशी में ये आयोजन हो रहा है जिसका संचालन आईआईटी मद्रास और बीएचयू करेंगे। यहां कला संस्कृति व्यंजन और व्यवसाय का अद्भुत संगम दिख रहा है और आगे भी दिखेगा।

काशी तमिल संगमम 3.0 की शुरूआत के साथ जब सीएम योगी ने मंच संभाला तो बोले हर हर महादेव और इसके साथ ही कार्यक्रम में आए मेहमानों को बोला वडक्कम। सीएम योगी ने कहा कि पीएम का आभारी हूं उनकी प्रेरणा और मार्गदर्शन में काशी तमिल संगमम के इस कार्यक्रम का यहां पर शुभारंभ हो रहा है। ये एक भारत श्रेष्ठ भारत के विजन को आगे बढ़ाने का भाग है।

इस अवसर पर तमिलनाडू से काशी पधारे सभी महानुभावों का अभिनंदन करता हूं। पहले दो संस्करण पवित्र कार्तिक मास में आयोजित हुए थे लेकिन तृतीय संस्करण इसलिए महत्वपूर्ण हो जाता है कि महाकुंभ प्रयागराज की धरती पर चल रहा है। तमिनाडू से आए लोगों को काशी के साथ महाकुंभ में डुबकी लगाने का और रामलला के दरबार में दर्शन का सौभाग्य मिलने वाला है। बोले 51 करोड़ भक्तों ने महाकुंभ में डुबकी लगाकर भारत की एकता को जोड़ने का काम किया है।

## लापरवाही से 44 डीआईओएस समेत 100 से ज्यादा अधिकारियों को नोटिस

**लखनऊ।** राजकीय व सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में पठन-पाठन व सुविधाएं सुधारने के लिए नियमित निरीक्षण किया जा रहा है। पर, कई मंडलीय संयुक्त शिक्षा निदेशक, उप निदेशक व डीआईओएस इसमें रुचि नहीं ले रहे हैं। इस पर विभाग ने लखनऊ, रायबरेली, अमेठी, अयोध्या, बाराबंकी, सुल्तानपुर समेत 44 जिलों के डीआईओएस सहित 100 से ज्यादा अधिकारियों को नोटिस जारी कर जवाब-तलब किया है। अधिकारियों को निरीक्षण कर परख एप पर निरीक्षण आख्या भी अपलोड करने के निर्देश हैं। मंडलीय संयुक्त शिक्षा निदेशक, मंडलीय उप शिक्षा निदेशक, डीआईओएस द्वितीय, जिला समन्वयकों को दस-दस व डीआईओएस को 20 विद्यालयों का मासिक निरीक्षण करना है। जनवरी में अधिकतर संबंधित अधिकारियों ने विद्यालयों का निरीक्षण नहीं किया है। माध्यमिक शिक्षा निदेशक डॉ. महेंद्र देव ने ऐसे मंडलीय संयुक्त शिक्षा निदेशक, उप शिक्षा निदेशक, छह जिलों के डीआईओएस द्वितीय व 51 जिलों के जिला समन्वयक को कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

## अखिलेश यादव बोले- कुंभ को लेकर 144 साल के मुहूर्त का सरकार ने फैलाया भ्रम

### इस बार सबसे ज्यादा कुप्रबंधन

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**लखनऊ।** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि कुंभ में आने वालों की सही संख्या सरकार नहीं बता रही है। सरकार के द्वारा पेश किए गए आंकड़े कुछ और हैं और असली संख्या अलग। सरकार ऐसा इसलिए कर रही है ताकि उसके कुप्रबंधन की पोल न खुल सके। बुजुर्ग स्नान करने नहीं जा सके। हादसे में मृतकों की संख्या भी नहीं बताई जा रही है। सपा सरकार में कुंभ का आयोजन अच्छे से संपन्न हुआ था। केंद्र सरकार को प्रयागराज में अकबर का किला राज्य सरकार को दे देना चाहिए, ताकि ठीक ढंग से व्यवस्थाएं हो सके। कहा, मुस्लिमों ने भी कुप्रबंधन से परेशान श्रद्धालुओं को आसरा देकर उनकी मदद की। तंज किया कि एक चीज कुंभ में इस बार हमने भी सीखी कि कपड़े पहनकर स्नान करना चाहिए।





अखिलेश यादव ने कहा कि क्योंकि कुंभ में बड़ी संख्या में लोग अभी भी नहीं पहुंच पाए हैं इसलिए सरकार को चाहिए कि कुंभ की तारीखों को बढ़ाए। तारीखों के बढ़ जाने से सभी इच्छुक लोग स्नान कर सकेंगे। मालूम हो कि अभी यह कुंभ महाशिवरात्रि तक ही है।

समाजवादी व्यापारी सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनीष जगन अग्रवाल की गिरफ्तारी पर अखिलेश ने कहा कि मनीष अब समाजवादी मीडिया सेल का हिस्सा नहीं हैं। वे सोशल मीडिया के माध्यम से व्यापारियों की समस्याएं उठाते रहे हैं। उन्होंने कहा कि पिछली बार जब जगन की गिरफ्तारी हुई थी, तब हम पुलिस मुख्यालय गए थे। उस समय समझौता हुआ था कि भाजपा के लोग या उनकी ट्रोल टीम भी गलत भाषा का इस्तेमाल नहीं करेगी, लेकिन भाजपा ने समझौते का पालन नहीं किया। समाजवादी उन्हें उनकी ही भाषा में जवाब देंगे।

## सीजेआई ने कहा- विवाद समाधान का रचनात्मक तरीका है मध्यस्थता

**दिल्ली।** भारत के मुख्य न्यायाधीश सीजेआई संजीव खन्ना ने शनिवार को कहा कि सभी विवाद न्यायालय और मुकदमेबाजी के लिए उपयुक्त नहीं होते हैं। उन्होंने मध्यस्थता को विवाद समाधान का एक प्रभावी तरीका बताया। बता दें कि सीजेआई नागपुर में महाराष्ट्र राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के तीसरे दीक्षांत समारोह में वहां उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहें थे।



सीजेआई ने आगे कहा कि हर मामले को सिर्फ कानूनी दृष्टिकोण से नहीं बल्कि मानवता की कहानी के रूप में देखना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि भारतीय कानूनी सहायता प्रणाली दुनिया की सबसे मजबूत प्रणालियों में से एक है, जहां सभी हितधारकों को मदद मिलती है।

मुख्य न्यायाधीश ने कानूनी कार्रवाई से पहले आपसी मध्यस्थता की बात पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि मध्यस्थता न केवल विवादों को हल करने का तरीका है, बल्कि यह रचनात्मक समाधान भी प्रदान करता है, जो रिश्तों को भी मजबूत करता है। साथ ही उन्होंने वकीलों को समस्या समाधानकर्ताष् बताया। उन्होंने कहा कि उन्हें कानूनी और मानवीय दोनों दृष्टिकोण से समाधान निकालने चाहिए।

सीजेआई ने आगे कहा कि आज की समस्याएं अधिक गतिशील हो गई हैं, और उनके समाधान को भी लचीला होना चाहिए। उन्होंने न्याय के मार्ग को बाधा नहीं बनने की आवश्यकता पर जोर दिया। सीजेआई ने सभी से परंपरा से परे सोचने और न्याय प्रदान करने के तरीके को और अधिक लागत प्रभावी और समयबद्ध बनाने का आग्रह किया।

भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) संजीव खन्ना ने शनिवार को कहा कि न्याय प्रदान करने के पारंपरिक तरीकों से परे सोचना और उसे लागत प्रभावी व समयबद्ध बनाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि आज की पीढ़ी को ऐसे अनदेखे और जटिल चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है, जिनकी हमारे पूर्वजों ने कभी कल्पना भी नहीं की थी, जैसे जलवायु परिवर्तन, जो न केवल हमारे पर्यावरण के लिए खतरा है, बल्कि मानवाधिकारों और सामाजिक न्याय के ढांचे को भी प्रभावित कर रहा है। इसके अलावा, डिजिटल विकास से जुड़े नए प्रश्न जैसे गोपनीयता और सुरक्षा के मुद्दे भी सामने आ रहे हैं।

### पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल की बढ़ी मुश्किलें

**दिल्ली।** केंद्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी) ने दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आवास 6 फ्लैग स्टाफ बंगले के कायाकल्प और विलासिता पूर्ण सुविधाओं पर हुए खर्च की विस्तृत जांच के आदेश दिए हैं। विपक्षी दलों की ओर से शीश महल के नाम से पुकारे जाने वाले इस बंगले के कायाकल्प में नियमों के उल्लंघन और अन्य अनियमितताओं के आरोप लगे हैं। सीवीसी ने केंद्रीय लोक निर्माण विभाग (सीपीडब्ल्यूडी) से उन आरोपों की विस्तृत जांच करने को कहा है कि 40,000 वर्ग गज (8 एकड़) में फैले एक भव्य भवन (शीश महल) के निर्माण के लिए भवन निर्माण मानदंड जारी किए गए थे। भाजपा नेता विजेंद्र गुप्ता की शिकायत पर सीपीडब्ल्यूडी की ओर से तथ्यात्मक रिपोर्ट पेश किए जाने के बाद 13 फ़रवरी को सीवीसी ने जांच का आदेश दिया था।

अमर भास्कर

आवश्यकता है-

अमर भास्कर

(हिन्दी दैनिक समाचार पत्र एवं न्यूज चैनल)

को पूरे देश में प्रदेश स्तर, मण्डल स्तर जिला स्तर, तहसील स्तर, ब्लॉक एवं थाना स्तर पर अनुभवी एवं शिक्षित संवाददाता एवं विज्ञापन प्रभारियों की।

संपर्क करें:-

मोबा. 9411214614, 9058143211, 7599339198

ऑफिस:-

निकट होटल रिजेन्सी, लावेला चौक, बदायूँ (उ.प्र.)- 243601

www.amarbhashkar.com

Email- amarbhashkar21@gmail.com

# समाधान दिवस में शिकायतों का हुआ निस्तारण

**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**फिरोजाबाद।** मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य ने तहसील टुंडला में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित के साथ जनसुनवाई करते हुए कहा कि गंभीर प्रकरणों वाले मामलों का निस्तारण विभागीय अधिकारी उसी दिन त्वरित गति से निस्तारित करें।



साथ ही उन्होंने कहा कि जहां राजस्व विकास एवं पुलिस विभाग से जुड़े हुए मामले हो वहां इन विभागों में जुड़े सभी अधिकारी संयुक्त रूप से आपसी समन्वय रखते हुए उन मामलों का निस्तारण सुनिश्चित कराए, आईजीआरएस सम्बन्धित मामलों को ससमय और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें। सम्पूर्ण समाधान दिवस में 58 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें मुख्य विकास अधिकारी ने मौके पर ही 7 शिकायतों का निस्तारण कराया और शेष शिकायतों को संबंधित अधिकारियों को एक सप्ताह में पूरी गुणवत्ता के साथ निस्तारण कराने के निर्देश दिए।

मुख्य विकास अधिकारी ने सभी सम्बन्धित जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसी भी आवेदक को दोबारा एक ही प्रकरण के लिए न आना पडे। उन्होने स्पष्ट रूप से कहा है कि इसका कडाई से पालन सभी अधिकारी करें ओर उन्होने कहा कि शिकायतकर्ता को गंभीरतापूर्वक सुनें। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान मुख्य विकास आधिकारी ने कई शिकायती प्रकरणों में विद्युत, राजस्व, पुलिस व सम्बन्धित जिला स्तरीय अधिकारियों को प्रभावी व गुणवत्तापूर्ण शिकायत निस्तारण करने के लिए मौके पर ही भेजा।

इसके अतिरिक्त उन्होने उप जिलाधिकारी टुंडला व पुलिस क्षेत्राधिकारी टुंडला को निर्देश दिए कि वह दो बजे सम्पूर्ण समाधान दिवस की समाप्ति के उपरांत जमीनी विवाद व अतिक्रमण के प्रकरणों में अलग-अलग राजस्व व पुलिस की टीम बनाकर मौके पर भेजकर शिकायतों का गुण-दोष के आधार पर पूरी गुणवत्ता व पारदर्शिता के साथ निस्तारण कराए और निस्तारण को शिकायत कर्ता को अवगत भी कराएं।

सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान अधिकतर शिकायतें अवैध कब्जे, जल भराव, विद्युत, राजस्व, राशन, ग्रामीण क्षेत्रों में गन्दगी, जमीनी विवाद व अतिक्रमण आवास, शौचालय आदि की शिकायतें प्राप्त हुई। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ रामबदन राम उप जिलाधिकारी टुंडला डॉ गजेंद्र पाल सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी आदि उपस्थित रहे। इस मौके पर कई शिकायतों का निस्तारण किया गया।

## एएमयू रेजिडेंट स्वर्ण पदक से हुए सम्मानित

**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**अलीगढ़।** अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय (एएमयू) के जेएन मेडिकल कॉलेज के अस्थि शल्य चिकित्सा विभाग में रेजिडेंट डॉ. माधव चौधरी को उत्तर प्रदेश ऑर्थोपेडिक एसोसिएशन के वार्षिक सम्मेलन में डॉ. भास्कर मल पीजी गोल्ड मेडल से सम्मानित किया गया। यह सम्मान गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश में हाल ही में आयोजित सम्मेलन के दौरान उनके शोध पत्र प्रस्तुति के लिए प्रदान किया गया। उनका शोध पत्र नेग्लेक्टेड, कंबाइंड लैटरल कोंडाइल ह्यूमरस विथ ओलेक्रेनॉन रेयरेस्ट ऑफ द रेयर छह चयनित शोध पत्रों में सर्वश्रेष्ठ घोषित किया गया, जो राज्य भर के विभिन्न संस्थानों से प्रस्तुत किए गए थे। इनमें डा. माधव के शोध पत्र को सर्वश्रेष्ठ घोषित किया गया।

# एसएसपी ने नेतृत्व में चलाया विशेष अभियान

**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**फिरोजाबाद।** विशेष अभियान के अन्तर्गत फिरोजाबाद पुलिस द्वारा शिकायतकर्ताओं के मौके पर जा कर कुल 22 शिकायतों का किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित के निर्देशन में व अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अपर पुलिस अधीक्षक नगर के पर्यवेक्षण में जनपद में आईजीआरएस के माध्यम से प्राप्त होने वाली जनशिकायतों के समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु शुरू किया गया है विशेष अभियान।



इस अभियान के नोडल अधिकारी श्री अखिलेश भदौरिया अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण को नामित किया गया है। विशेष अभियान के अन्तर्गत जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारी एवं समस्त थाना प्रभारियों द्वारा शिकायतकर्ता के मौके पर जाकर किया जा रहा है शिकायतों का निस्तारण प्रत्येक क्षेत्राधिकारी अपने सर्किल के थाना क्षेत्र में कम से कम 01 स्थान व थाना प्रभारी अपने क्षेत्र में कम से कम 02 स्थानों पर प्रतिदिन मौके पर निस्तारण करेंगे चलाये गये विशेष अभियान के अन्तर्गत जनपद के समस्त थानों पर प्राप्त शिकायतों में से कुल 22 शिकायतों का किया गया मौके पर निस्तारण विशेष अभियान के अन्तर्गत शिकायतकर्ता को अपनी शिकायत के निस्तारण हेतु नहीं होना पड़ेगा परेशान फिरोजाबाद पुलिस शिकायतकर्ता के घर मौके पर स्थलीय निरीक्षण कर करेगी शिकायत का समाधान व दोनों पक्षों का फीडबैक लेकर शिकायत के समाधान के सम्बंध में सन्तुष्ट किया जायेगा शिकायतकर्ता को बार-बार थाने अथवा उच्चाधिकारियों के पास पुलिस ऑफिस आने की आवश्यकता नहीं पडेगी, उसकी शिकायत का निस्तारण और बेहतर तरीके से मौके पर हो पायेगा।

# दंपति को ट्रक ने रौंदा, महिला की मौत

**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**अलीगढ़।** जनपद के थाना दादों क्षेत्र के गांव नगला उदित में शनिवार को नातिन की जांच कराने जा रहे बाइक सवार बुजुर्ग दंपत्ति को ट्रक ने पीछे से टक्कर मार दी, ट्रक की टक्कर के कारण बाइक सवार जमीन पर गिर गए और बुजुर्ग महिला की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं बुजुर्ग व्यक्ति और बच्ची के भी गंभीर चोटें आई हैं। हादसे की जानकारी मिलने पर क्षेत्रीय पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा।




इसके साथ ही घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं पुलिस मामले की जांच मे जुटी हुई है। दादों के गांव मुजफ्फरा निवासी विद्याराम अपनी पत्नी कुसमादेवी के साथ शनिवार को अपनी 10 वर्षीय नातिन को लेकर अस्पताल जा रहे थे। तीनों गांव नगला उदित के पास पहुंचे थे, तभी पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। ट्रक की टक्कर के कारण बाइक बेकाबू हो गई और तीनों बाइक सवार सड़क पर ही गिर पड़े। हादसे मे कुसुमा देवी के सिर में गंभीर रूप से चोट आई और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। जबकि विद्याराम और उनकी पोती गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। पुलिस ने दोनों को मेडिकल कालेज में भर्ती कराया है। हादसे के बाद ट्रक चालक ने मौके से भागने की कोशिश की। लेकिन आसपास के लोगों ने दौड़ाकर आरोपी चालक को पकड़ लिया और उसे पुलिस के हवाले कर दिया।

पुलिस आरोपी चालक और ट्रक को थाने ले आई है। जिसके बाद आरोपी चालक से पूछताछ की जा रही है। सीओ छर्रा महेश कुमार सिंह ने बताया कि चालक और ट्रक को हिरासत में ले लिया गया है।

## दंपति के विवाद में दबंगों ने तोड़ा गेट

**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**अलीगढ़।** जनपद के थाना सासनी गेट क्षेत्र के लोधी बिहार में पति-पत्नी के विवाद में दबंगों ने युवक के घर का गेट तोड़कर हमला कर दिया। इस दौरान उक्त दबंगों पर घर में मौजूद बच्चों के साथ मारपीट करने व घर में लूटपाट करने का आरोप लगा है। पीड़ित युवक दीपक के अनुसार उनका पत्नी से विवाद चल रहा है जो कि न्यायालय में विचाराधीन है। 13 फरवरी की रात्रि 9:30 बजे उनकी पत्नी के साथ आधा दर्जन दबंग आए दीपक की गैर मौजूदगी में घर का गेट तोड़ दिया। इस दौरान आरोप है कि दबंग घर के अंदर गए और बच्चों के साथ मारपीट करते हुए घर में लूटपाट की है। फ्लिहाल पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है जिसके बाद पीड़ित ने शनिवार सुबह 10 बजे थाने में लिखित शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है।

# गतिविधियों के साथ मनाया प्रकृति प्रेम दिवस

**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**फिरोजाबाद।** जन आधार कल्याण समिति एवं चर्चित फाउंडेशन द्वारा विभिन्न सरकारी व गैर सरकारी संगठनों से समन्वय स्थापित करते हुए जनपद में पर्यावरण संबन्धित विभिन्न गतिविधियों के साथ प्रकृति प्रेम दिवस मनाया गया। जिसमें, रसूलपुर शहीद चौक स्थित एसएमजी पब्लिक स्कूल की नन्हीं परियों ने पौध रोपण करते हुए मानव श्रृंखला बनाई और सभी ने एकजुट होकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

इस दौरान शिक्षिका व समाज सेविका जया शर्मा ने बेटियों का मनोबल बढ़ाते हुए उनसे पौध रोपण करवाया और पर्यावरण हित में कार्य कर रहे उत्कर्ष पाठक का उत्साह वर्धन किया। दबरई स्थित सिविल लाइन में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार पाण्डेय,



जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ.ब्रजमोहन सिंह, जिला कम्यूनिटी अधिकारी ग्रामीण रवि कुमार, महिला कल्याण विभाग से अंजुली वर्मा, एसआरजी जया शर्मा व अन्य शिक्षक शिक्षिकाओं, पत्रकारों और प्रबुद्ध जनों ने पेड़ों पर लाल रंग का फीता बांधते हुए जनमानस से अपने प्यार को प्रकृति से जोड़ने तथा पर्यावरण को बचाने की अपील की। बताते चलें कि, तत्कालीन उपनिदेशक आगरा मण्डल आगरा एवं रेडटेप मूवमेंट के संस्थापक प्रभात मिश्र की प्रेरणा से 08 जुलाई 2021 को वन विभाग, एआरटीओ विभाग, जिला क्षयरोग केंद्र, नगर निगम की टीम एवं सेवा पथ जन कल्याण समिति सहित क्षेत्रीय पार्षद और नागरिकों के सहयोग से जनआधार कल्याण समिति ने उत्तर प्रदेश के जनपद फिरोजाबाद में टीबी मुक्त भारत अभियान के दौरान उस जगह को चिन्हित करते हुए जहां, हरियाली का कहीं भी नामोनिशान नहीं था।

वहां, वृक्षारोपण कर मिट्टी वाली प्लेन भूमि को हरा भरा खूबसूरत पार्क का रूप दिया और विभिन्न विभागीय अधिकारियों व धर्म गुरुओं की उपस्थिति में 14 फरवरी 2023, मंगलवार को इसी पार्क से प्रकृति प्रेम दिवस का शुभारंभ किया था। इस अवसर पर मुख्य रूप से जन आधार कल्याण समिति सचिव प्रवीन कुमार शर्मा, सदस्य, वॉलिंटियर सौरभ अग्रवाल एवं चर्चित फाउंडेशन कोषाध्यक्ष कश्मीर सिंह, विद्यालय की प्रधानाचार्या सहित अन्य शिक्षक शिक्षिकाएं और स्टॉफ मौजूद रहा।

# उर्दू पत्रकार सम्मेलन का हुआ आयोजन

**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**अलीगढ़।** उर्दू पत्रकारिता ने स्वतंत्रता संग्राम और सामाजिक जागरूकता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है उक्त बातें एएमयू उर्दू विभाग के पूर्व अध्यक्ष प्रोफेसर सगीर इफ्राहीम ने राजकीय औद्योगिक एवं कृषि प्रदर्शनी के कृष्णाजलि हाल में आयोजित उर्दू पत्रकार सम्मेलन के 25 वे अधिवेशन को संबोधित किया।



उन्होंने कहा कि आज उर्दू पत्रकारिता की जो लोग भी खिदमत कर रहे हैं वह स्वागत योग्य हैं, अलीगढ़ नुमाइश में 25 वर्ष से इस उर्दू जर्नलिस्ट कॉन्फ्रेंस का आयोजन करने के लिए मुबीन खान को जितना श्रेय दिया जाए उतना कम है। उत्तर प्रदेश में पूर्व मंत्री मोहम्मद कमर आलम ने अपने संबोधन में कहा कि उर्दू पत्रकारिता ने देश की आजादी में अहम योगदान अदा किया है और आज भी जो लोग उर्दू पत्रकारिता के जरिए समाज को सुधारने का कार्य कर रहे हैं वह स्वागत योग्य हैं।

उन्होंने कहा उर्दू पत्रकारिता ने भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में अहम भूमिका निभाई। कार्यक्रम संयोजक और उर्दू जर्नलिस्ट एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुबीन खान ने अपने जिंदगी के सफर को याद करते हुए अपने पिता शताब खान का जिक्र किया और कहा कि आज में उर्दू के लिएं जो कुछ भी कर पा रहा हु वह उन्हीं की दी हुई सीख का नतीजा है, उन्होंने उर्दू पत्रकार सम्मेलन को सफल बनाने के लिए आए हुए सभी लोगों का आभार व्यक्त किया और कहा के मुझे जिन-जिन लोगों का भी सहयोग मिलना उनका भारी उन्होंने कहा कि मुझे हमेशा नाकाम करने की कोशिश की गई लेकिन मेरे साथ ऊपर वाला है तो मुझे किसी की कोई फिक्र नहीं, इस मौके पर पिछले 25 सालों से लगातार उर्दू पत्रकार सम्मेलन कर रहे मुबीन खान को उनकी खिदमत के लिए आए हुए सभी अतिथियों ने सम्मानित किया। मुबीन खान ने एडीएम एफआर मीनू राणा और सहायक निर्वाचन अधिकारी कौशल कुमार को स्मृति चिन्ह देखकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का सकुशल संचालन डॉक्टर बसीर उल हसन वफा नकवी और पत्रकार विशाल नारायण शर्मा ने किया।

कार्यक्रम में अपनी आवाज से समां बांधने वालों में अतीक सहर, हेमंत वार्ष्णेय, योगेंद्र सिंह पंकज और विशाल नारायण का अहम योगदान रहा। कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार सुशील तौमर, सुबोध सुहर्द, संदीप शर्मा, मनोज चौहान, मयंक जैन, जितेन्द्र कुमार, गुलाब नवी आदि थे।

## परीक्षार्थियों में दिखा उत्साह गजब का उत्साह

**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**अलीगढ़।** जिले में सीबीएसई बोर्ड की परीक्षा शनिवार से शुरू हो गई है, परीक्षा के पहले दिन परीक्षार्थियों में कहीं उत्साह दिखा तो वही पहली बार परीक्षा दे रहे परीक्षार्थियों में घबराहट देखने को मिली है। दरअसल शनिवार को सीबीएसई बोर्ड कि पहले दिन की परीक्षा है। समय अनुसार पहली पाली के परीक्षार्थियों को सुबह दस बजे प्रवेश दिया गया है। पहली पाली में कक्षा दसवीं के परीक्षार्थियों का पेपर है। एक बजे से दूसरी पाली का पेपर शुरू होगा जो की इंटरमीडिएट का पेपर है। फिलहाल परीक्षार्थियों में कहीं उत्साह तो कहीं घबराहट देखने को मिली है। इस दौरान परीक्षा को लेकर विद्यालय प्रशासन द्वारा पूरी तैयारियां कर ली गई थीं। किसी प्रकार की कोई समस्या उत्पन्न नहीं होने दी जाएगी।

# प्रभारी मंत्री ने आंगनबाड़ी केंद्र का किया निरीक्षण



**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**अलीगढ़।** प्रदेश के गन्ना विकास एवं चीनी मिलें एवं जनपद प्रभारी मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी द्वारा विकास खण्ड इगलास के ग्राम पंचायत साथिनी में आंगनबाड़ी केंद्र-01 व 02 का निरीक्षण किया गया।

इस दौरान साथिनी-01 पर आंगनबाड़ी कार्यकत्री मीरा अग्रवाल एवं सहायिका कुसुम देवी ने बताया कि केंद्र पर 206 लाभार्थी पंजीकृत हैं, जिनमें से 14 धात्री, 17 गर्भवती एवं 03-06 वर्ष के 78 बच्चे शामिल हैं।

इसी प्रकार साथिनी-02 पर आंगनबाड़ी कार्यकत्री मधुरानी गौड़ एवं सहायिका पुष्पा देवी ने बताया कि केंद्र पर 186 लाभार्थी पंजीकृत हैं, जिनमें से 12 धात्री, 15 गर्भवती एवं 03-06 वर्ष के 86 बच्चे शामिल हैं। मंत्री ने इस अवसर पर नन्हे-मुन्ने बच्चे- राधा, नीशू, गायत्री एवं शिवांश का अन्नप्राशन एवं श्रीमती प्रिया देवी व श्रीमती कुसुम देवी की गोदभराई कर उनके दीर्घायु व स्वस्थ जीवन की कामना की।

मंत्री ने आंगनबाड़ी केंद्र के लिए किट, पाठ्य पुस्तकें एवं बच्चों को मिलेट्स से बने व्यंजन वितरित किये। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी कृष्ण कांत राय, बाल विकास परियोजना अधिकारी इगलास विष्णु कुमार समेत अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# फेयरवेल पार्टी में विद्यार्थियों ने मचाई धूम




**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**फिरोजाबाद।** ओवीएम सीनियर सेकेंडरी स्कूल में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें, 11वीं के विद्यार्थियों ने कक्षा 12वीं के छात्र छात्राओं को विदाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामनाएं की। इस दौरान विद्यालय के छात्र छात्राओं ने सरस्वती वंदना के साथ रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरुआत करते हुए एक से बढ़कर एक शानदार प्रस्तुतियां दीं।

विद्यालय की डायरेक्टर मिली मित्तल एवं मनीष सिंह सहित वीनील पाठक, मुकेश गोस्वामी व अन्य अतिथियों ने माता सरस्वती की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से मुनीश सिंह, विनील पाठक, पूनम पाठक, योगिता सोनी, वर्षा, मानसी शर्मा, सुहाना, लोकेश, धीरज, दिलीप, इमदाद व अन्य शिक्षक शिक्षिकाओं का विशेष सहयोग रहा।

## आयशा एएमयू परिषद की सदस्य नियुक्त



**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**अलीगढ़।** अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के प्रबंधन अध्ययन और अनुसंधान संकाय की डीन, प्रो. आयशा फारूक को विश्वविद्यालय की कार्यकारी परिषद का सदस्य नियुक्त किया गया है। उनकी सदस्यता की अवधि 15 फरवरी 2025 से प्रभावी होगी और उनके डीनशिप कार्यकाल के साथ समाप्त होगी। इस दौरान कालेज के लोगों ने उनको शुभकामनाएं दीं। वहीं इस मौके पर उनके सदस्य नियुक्त होने पर मिष्ठान बांटकर खुशी का इजहार किया गया।

# कॉलेज में नवनिर्मित स्मार्ट ब्लॉक का किया उद्घाटन

**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**अलीगढ़।** प्रदेश के कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी द्वारा अपने जनपद भ्रमण कार्यक्रम के अन्तर्गत नौरंगी लाल राजकीय इण्टर कालेज में नौरंगीलाल राजकीय इंटर कॉलेज के प्रागंण में नवनिर्मित स्मार्ट ब्लॉक का फीता काटकर उद्घाटन किया गया।



कार्यक्रम का शुभारम्भ कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी, एमएलसी डॉ मानवेन्द्र प्रताप सिंह, चौधरी ऋषिपाल सिंह, विधायक कोल अनिल पाराशर, विधायक इगलास राजकुमार सहयोगी, विधायक छर्रा ठा० रवेंद्र पाल सिंह, अध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती विजय सिंह, महानगर अध्यक्ष इंजीनियर राजीव कुमार शर्मा, मुख्य विकास अधिकारी प्रखर कुमार सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ० सर्वदानन्द, प्रधानाचार्य रवीन्द्र पाल सिंह तोमर ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलन एवं माल्यार्पण करके किया। मंत्री ने उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि अलीगढ़ जनपद का यह प्राचीन विद्यालय है, जो कि एक विद्या का मन्दिर है, इसमें आकर वह अपने आप को अभिभूत महसूस कर रहे हैं। विद्यालय के प्रधानाचार्य रवीन्द्र पाल सिंह तोमर ने विद्यालय की समस्त गतिविधियों का अवलोकन कराकर, विद्यालय के हित में हुए कार्यों का विस्तार से कैबिनेट मंत्री के समक्ष रखा।

प्रधानाचार्य ने बताया कि नगर आयुक्त विनोद कुमार की प्रेरणा से अम्बुजा फाउंडेशन एवं एचडीएफसी बैंक के सहयोग से कालेज में पाँच स्मार्ट बोर्ड, 175 जोड़े बैन्च, 05 इनवर्टर बैटरी, 05 कमरों की बाल पेन्टिंग एवं आई.सी.आई.सी.आई. बैंक द्वारा 90 जोड़ी बैंच विद्यालय को डिजिटल एवं स्मार्ट बनाने के लिए प्रदान किये गये।

अम्बुजा फाउण्डेशन के चन्द्र प्रकाश जोनल हेड, उत्तर प्रदेश, मनोज डबराल, प्रोजेक्टको आर्डिनेटर प्रियंका मौर्या सीनियर प्रोजेक्ट ऑफिसर, गौरव उपाध्याय एरिया हेड एचडीएफसी बैंक अलीगढ़ साकेत कपूर रीजनल हेड आई सी आई सी आई बैंक भी उपस्थित रहे।

# बेटी पढ़ाओं बेटी बचाओं अभियान के 10 वर्ष पूर्ण होने पर भव्य कार्यक्रम

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**बदायूं।** बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ अभियान के 10 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष में शनिवार को डायट स्थित ऑडिटोरियम में भव्य कार्यक्रम का आयोजन कर छात्राओं को जागरूक किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्य मंत्री बीएल वर्मा ने फीता काटकर किया। इसके उपरांत उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनियों का अवलोकन कर उन्हें सराहा। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया।



जनपद में बाहर से आयीं माउंट एवरेस्ट पर पहुंचने वाली प्रथम महिला दिव्यांग पर्वतारोही पदम श्री डॉ० अरुणिमा सिन्हा, राष्ट्रीय हिन्दी साहित्यकार रुति कुशवाहा, ब्रांड एम्बेस्डर मिशन शक्ति उत्तर प्रदेश एवं राष्ट्रपति अवार्ड से सम्मानित शिक्षक डॉ० स्नेहिल पाण्डेय व राष्ट्रीय एथलेटिक्स एवं जुडो खिलाड़ी गुलशन हसन को पौधा देकर स्वागत किया गया। इन महिला अतिथियों ने अपने जीवन के संघर्ष को साझा किया एवं छात्राओं की जिज्ञासा को शांत किया। इसके उपरांत मेघावी छात्राओं को सम्मानित किया गया। लखनऊ के कलाकारों द्वारा नाटक का मंचन किया गया। वुमेनिया बैंड द्वारा अपनी शानदार प्रस्तुति दी गई। कलाकार को नूरजहां की पेंटिग की सराहना करते हुए उन्हें भी सम्मानित किया गया।

केन्द्रीय राज्यमंत्री बीएल वर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी महिला सशक्तिकरण के लिए लगातार काम कर रहे हैं। पहले और अब महिला सशक्तिकरण में जमीन आसमान का अंतर आया है। आज 10 करोड़ से भी ज्यादा महिलाएं स्वंय सहायता समूह से जुड़ी हैं। जो महिलाएं घर में घूंघट में रहती थी, जिन्होंने घर के दरवाजे के अलावा कुछ देखा नहीं था। लेकिन आज वह अपने पैरों पर खड़ी हुई हैं। वह अपने परिवार का भरण पोषण एवं बच्चों की पढ़ाई लिखाई का खर्चा स्वयं उठाती हैं। इतना ही नहीं व्यापारिक क्षेत्र में भी उनका योगदान बढ़-चढ़कर हो रहा है। न जाने कितनी ऐसी महिलाएं है, जो व्यापार, राजनैतिक क्षेत्र में बढ़-चढ़कर इस देश में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। प्रधानमंत्री जी ने 10 वर्षों में एक करोड़ से ज्यादा महिलाओं को लखपति दीदी बनाने का काम किया है। बेटियां आधुनिक हथियारों से लैस होकर देश की सीमाओं पर सुरक्षा करने का काम कर रही हैं। लड़ाकू विमान उठाने से लेकर वंदे भारत चलाने तक महिलाएं बढ़-चढ़कर काम करती है। बेटियां बेटो से कम नहीं है, वह जमाना चला गया जब बेटियां और बेटो में भेदभाव रहता था। बेटियां नसीब वालों को ही मिलती है। इस लिए खूब पढ़ों और देश का नाम रोशन करो।

जिलाधिकारी निधि श्रीवास्तव ने कहा कि महिलाओं ने विभिन्न क्षेत्रों में अपनी सफलताओं के झण्डे गाढ़े हैं, उसके बावजूद भी हमें भ्रूण हत्या की शिकायतें मिल जाती हैं। इन्ही सब चीजों से हमें ऊपर उठना है। समाज में सामान्य सोच है कि लड़कियों को यह करना है यह नहीं करना है। यह काम लड़के करेंगे यह काम लड़कियां नहीं करेंगी। उस सोच से जो बाधा आती है, उस सोच को दूर करने का उद्देश्य यह योजना के माध्यम से किया जा रहा है।

# डीएम की अध्यक्षता में तहसील सदर में हुआ संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**बदायूं।** जिलाधिकारी निधि श्रीवास्तव ने तहसील सदर बदायूं में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए अधिकारियों को शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापरक ढंग से करने के लिए कहा। इस अवसर पर 43 शिकायत प्राप्त हुई जिनमें से तीन का मौके पर निस्तारण कर दिया गया।



जिलाधिकारी ने कहा कि आमजन की शिकायतों का निस्तारण मुख्यमंत्री की प्राथमिकताओं में है इसलिए अधिकारी गंभीरता पूर्वक प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण करना सुनिश्चित करें। संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर राजस्व, विकास व पुलिस आदि विभागों की मिलाकर कुल 43 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें से तीन का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया तथा शेष के समयबद्ध व गुणवत्तापरक निस्तारण के निर्देश अधिकारियों को दिए गए। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ,उप जिलाधिकारी सदर सहित अन्य अधिकारी गण मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### केके कॉन्वेंट स्कूल में वार्षिक कार्यक्रम आयोजित



**सैदपुर।** नगर के केके कॉन्वेंट स्कूल में वार्षिक कार्यक्रम मनाया गया। इस कार्यक्रम में बच्चों ने हम्द नज्म, कविता, देशगीत भाषण व रंगारंग कार्यक्रम व डांस कार्यक्रम किए, जिसमें क्लास 1 से से लेकर क्लास 8 तक के टॉपर्स को सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अनवर अली खान डायरेक्टर केके कॉन्वेंट स्कूल सैदपुर रहे। विशिष्ट अतिथियों में डॉ मोहम्मद सरवर प्रवक्ता डायट बदायूं, दिलशाद खान पुर्व सांसद प्रतिनिधि, अतहर अली खान, सज्जन खान, मुजीब खान पत्रकार, ओमपाल शर्मा जिला प्रभारी बीजेपी किसान मोर्चा, सतीश मौर्या, सरफराज खान, तफज्जुल हसन, कैसान अली प्रिंसिपल कादरी दारुल उलूम वजीरगंज, परवेज अली खान, साहिब ए आलम, सननी पठान व अविभावकगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के आरंभ में सभी अतिथियों को फूल मालाओं से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में फैसल खान प्रिंसिपल, पंकज शर्मा, इसहाक हुसैन, मेराज अहमद व अन्य स्टाफ का भरपूर सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन जीशान सिद्दीकी ने किया।

### बीआरसी केन्द्र पर बी प्रतियोगिता आयोजित

**बिसौली।** बिसौली बीआरसी केंद्र पर आयोजित ब्लॉक स्तरीय रुतिलेख एवं स्पेल बी प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में प्राथमिक और उच्च प्राथमिक स्तर पर हिंदी श्रुतलेख और अंग्रेजी स्पेलिंग की परीक्षा ली गई। शनिवार को विद्यालय स्तर पर चयनित छात्र-छात्राओं की प्रतियोगिता परीक्षा ब्लॉक स्तर से खण्ड शिक्षाधिकारी राजेन्द्र प्रसाद के पर्यवेक्षण में एआरपी टीम बिसौली द्वारा संपन्न कराई गई। जिसमें से चार छात्र - छात्राएं जनपद स्तर की प्रतियोगिता के लिए चयनित किए गए। रुतिलेख में प्राथमिक स्तर से शोभा पी.एस. सिचौली, उच्च प्राथमिक स्तर से विवेक सी.एस. हर्रायपुर तथा स्पेल बी में प्राथमिक स्तर से देविका सी.एस. बिसौली एवं सचिन सी.एस. हर्रायपुर ने अलग अलग वर्गों में प्रथम स्थान प्राप्त कर जनपद स्तर के लिए चयनित हुए।खण्ड शिक्षाधिकारी राजेन्द्र प्रसाद ने सभी बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए बधाई दी एवं चयनित छात्रध्छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर साहू सावेंद्र गुप्ता, नीलम सक्सेना, कौशल जौहरी, कुंवरसेन, पुष्पेंद्र सिंह, मनु मिश्रा, अजय शंखधार, सुशील कुमार, अभिषेक कुमार, संगीता रस्तोगी, प्रीति महेश्वरी, राजीव शर्मा, प्राची गुप्ता आदि शिक्षक ध्शिक्षिका उपस्थित रहे।

### बांट माप विभाग की टीम ने क्षेत्र में चलाया छापामारी अभियान

**बिसौली।** बांट माप विभाग की टीम ने ग्रामीण क्षेत्र में छापामार अभियान चलाकर 16 दुकानदारों के चालान किए। शनिवार को बांट माप निरीक्षक ओमप्रकाश ने बताया ग्रामीण क्षेत्र के ईखखेड़ा, राजपुर, रोशन नगर, ग्राम सुराही, मई, खुर्द आदि गांव में प्रवर्तन करते हुए अनियमितता पाए जाने पर विधिक माप विज्ञान अधिनियम 2009 के अंतर्गत आटा चक्की, सरिया सीमेंट की दुकान, किराने की दुकान, खाद बीज आदि की दुकानों के कुल 16 चालान किए गए। श्री ओमप्रकाश ने बताया यदि कोई दुकानदार मानक के अलावा बांट माप प्रयोग करता है तो 25 हजार रुपए जुर्माना भरना पड़ सकता है।

### बिसौली में एसडीएम ने संपूर्ण समाधान दिवस में सुनी समस्याए

**बिसौली।** तहसील स्थित सभागार में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें फरियादियों ने 48 शिकायतें दर्ज कराई। जिसमें मात्र चार शिकायतों का मौके पर निस्तारण हो सका। उप जिलाधिकारी राशि कृष्णा की अध्यक्षता में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में दिव्यांग रामपाल पुत्र बीरबल एवं तुलाराम पुत्र राम भरोसे ग्राम करनपुर ने प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास के लिए गुहार लगाई। ग्राम अहरौली निवासी जितेंद्र पुत्र बाबू सिंह ने गांव में सफाई के लिए कर्मठ सफाई कर्मचारी की नियुक्ति करने की गुहार लगाई। एसडीएम राशि कृष्णा ने संबंधित विभागों को निर्देश दिए की शिकायतों का समय से निस्तारण करना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही कोई भी शिकायत लंबित न रहे। उन्होंने कहा शिकायतकर्ता को बेवजह परेशान न किया जाए। इस दौरान एसपी देहात के.के. सरोज, तहसीलदार विजय कुमार शुक्ला, नायब तहसीलदार सृजन यादव, बीडीओ मुनव्वर खान, वन क्षेत्राधिकारी मनोज यादव, एसडीओ मेराज अहमद आदि उपस्थित रहे।

# बी प्रतियोगिता का आयोजन, चार बच्चों का चयन

**अमर भास्कर, संवाददाता**

**सहसवान।** परिषदीय विद्यालयों के बच्चों की श्रुतलेख एवं स्पेल बी प्रतियोगिता के आयोजन में ब्लॉक से चार बच्चों का चयन कर पुरस्कृत किया गया। ब्लॉक स्तरीय श्रुतलेख एवं स्पेल बी प्रतियोगिता का आयोजन सहसवान के उच्च प्राथमिक विद्यालय खंदक पर किया गया।जिसमे ब्लॉक के परिषदीय प्राथमिक, उच्च प्राथमिक और कंपोजिट विद्यालयों से चयनित कुल 210छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया।




प्रतियोगिता में प्राथमिक और उच्च प्राथमिक स्तर पर हिंदी में श्रुतलेख और अंग्रेजी में स्पेलिंग कंप्लीशन की परीक्षा कराई गई। प्रतियोगिता का आयोजन एआरपी राजन यादव, जमील अहमद, ओमप्रकाश, सोमेंद्र कुमार, और खालिद कुरैशी के निर्देशन में किया गया। परीक्षा उपरांत कॉपियों के मूल्यांकन भी करते हुए परिणाम घोषित किया गया जिसमें प्राथमिक स्तर देवभारती कक्षा 5 रियोनाई, उच्च प्राथमिक स्तर पर आकाश यादव कक्षा 8 बक्सर, कंपोजिट प्राथमिक स्तर नवजोत कक्षा 4 नगला कोतल और कंपोजिट उच्च प्राथमिक स्तर अमित कक्षा 8 नगला चोई का जिले के लिए चयन किया गया।

# सासंद आदित्य यादव ने कछला में पीडीए पंचायत को संबोधित कर ते हुए भाजपा को घेरा

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**बदायूं।** समाजवादी पार्टी के बदायूँ लोकसभा क्षेत्र से सांसद माननीय आदित्य यादव जी ने आज नगर पंचायत कछला, ग्राम सबदलपुर, ग्राम सिरासौल में आयोजित पीडीए पंचायत कार्यक्रम में सम्मिलित हुए।



इस मौके पर नगर पंचायत कछला मे आयोजित पीडीए पंचायत को सम्बोधित करते सपा सांसद आदित्य यादव ने कहा कि आज जिस पीडीए पंचायत की बात या चर्चा का आवहन राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने किया और हम लोग उसे लेकर प्रदेश भर मे गाँव-गाँव तक को पहुँचाने का काम कर रहे है लेकिन सवाल यह भी है कि आज इस पीडीए पंचायत की जरुरत क्या है तो मैं बताना चाहता हूँ आज जो सरकारे केंद्र और राज्यों मे है वह आपको और हमें धर्म और जातियों के नाम पर लड़ाना और बांटने का काम कर रही है आज समाज के अंदर जो सुविधाएं हमें और आपको मिलनी थी जो किसी वजह से नहीं मिल पाई तो वह बाबा साहब द्वारा बनाये गए संविधान की ताकत को दर्शाने के लिए आज हम इस पीडीए पंचायत का आयोजन कर रहे है। रोजगार के लिए युवा दर-दर भटक रहा है सरकारी संस्थाओ को निजी हाथो मे देकर वह आपका आरक्षण को खत्म करने का काम कर रहे है केंद्र की भाजपा सरकार ने जो बजट किया है, वह आम जनता को राहत देने के बजाय उनकी मुसीबत को ही बढ़ाने वाला था। इस बजट में ऐसा कुछ भी नहीं है जो चर्चा के लायक हो। किसानो, नौजवानों, महिलाएँ, छात्र एवं युवा हर वर्ग दुखी है वही आवारा पशुओं से परेशान है, नौजवान व छात्र बेरोजगारी से परेशान है वही आये दिन महिलाओं के साथ दुष्कर्म जैसे घटनाएं बढ़ती जा रही है देश और प्रदेश में अराजकता का मौहाल है। आज हम सब मिलकर यह संकल्प लेते है कि आने वाले 2027 के उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनाव में एक होकर मजबूती के साथ भारतीय जानता पार्टी को सत्ता से हटा कर उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाकर विकास पुरूष अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाना है। इस मौके पर पूर्व विधायक हाजी बिट्टन, प्रेमपाल सिंह यादव, हाजी अजमल, उदयवीर शाक्य, किशोरीलाल शाक्य, सुनील यादव, अनिल यादव, मित्रपाल यादव, पान सिंह यादव, चंद्रपाल शाक्य, सुरजीत यादव सक्सेना, राजू जाटव, रईस अहमद, मुबीन फरीदी सहित आदि प्रमुख लोग साथ रहे।

# रचना शंखधार बनी समिति की जिला संयोजक

**अमर भास्कर, संवाददाता**

**बदायूं।** उत्तर प्रदेश हिन्दी प्रचार समिति बदायूं की आवश्यक बैठक जोगीपुरा में सम्पन्न हुई जिसकी अध्यक्षता काशीनाथ वर्मा ने की।



समिति के सभी नवीन पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। बैठक में समिति अध्यक्ष काशीनाथ वर्मा ने कहा कि नई शिक्षा नीति में हिंदी और संस्कृत भाषा को विशेष महत्व दिया है। मातृभाषा दूध के समान होती है। उन्होंने बताया कि अंग्रेजी के साथ हिंदी का ज्ञान भी आवश्यक है। यह हमारी मातृभाषा, राष्ट्रभाषा व राजभाषा है। इस दौरान विद्यालय में हिंदी को बढ़ावा देने के लिए प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाना आवश्यक है। बच्चों के ज्ञानवर्धन के लिए हिंदी प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया जाना चाहिए।

समिति कोषाध्यक्ष डा प्रणव मिश्रा ने कहा कि बच्चो में हिंदी भाषा के प्रति रुचि उत्पन्न करना जरूरी है। उन्हें अंग्रेजी के साथ-साथ हिंदी का ज्ञान भी होना आवश्यक है क्योकि यह हमारी मातृभाषा, राष्ट्रभाषा व राजभाषा है। इस दौरान विद्यालय में हिंदी को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओ का आयोजन करना चाहिए। समिति के वरिष्ठ उपाध्यक्ष डा सुरेश चंद्र शर्मा ने कहा कि वैज्ञानिक एवं प्रौद्योगिकी संस्थानों में हो रहे तकनीकी नवाचारों को हिंदी भाषा में सरल एवं रुचिकर पाठ्य के माध्यम से छात्रों एवं शोधार्थियों के लिए उपलब्ध कराया जाना हैं जिससे तकनीकी क्षेत्र में हिंदी भाषा के प्रयोग का दायरा विस्तृत किया जा सके।

समिति के प्रधान संयोजक पवन शंखधार ने कहा ने कहा कि दयानंद सरस्वती ने सबसे पहले हिंदी को राष्ट्रभाषा माना था। स्वामी दयानंद सरस्वती ने ही 1876 में सबसे पहले स्वराज्य का भी नारा दिया था। जिसे बाद में लोकमान्य तिलक ने सर्व प्रचलित किया। स्वामी दयानंद सरस्वती जो मूलत: गुजराती थे और संस्कृत बोलते थे, उन्होंने ही हिंदी को सर्वप्रथम राष्ट्रभाषा माना था।

समिति उपाध्यक्ष प्रदीप दुबे ने कहा कि हिंदी भाषा दुनिया भर में लोगों को जोड़ने और एकता बनाने का एक महत्वपूर्ण जरिया है। यह न केवल हमारे देश की सांस्कृतिक धरोहर और गर्व का प्रतीक है, बल्कि दुनिया भर में इसे अपनाया जा रहा है। हिंदी भाषा एक ऐसी शक्ति है जो विभिन्न संस्कृतियों, देशों और लोगों के बीच सामूहिकता और गौरव का संदेश फैलाती है।

# शिविर के छठे दिन स्वास्थ्य साधना दिवस का आयोजन

**अमर भास्कर, संवाददाता**

**बदायूं।** राजकीय महाविद्यालय आवास विकास बदायूं के राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वामी विवेकानंद इकाई के ग्राम नरऊ बुर्जुग में चल रहे सात दिवसीय विशेष शिविर के छठे दिन स्वास्थ्य साधना दिवस का आयोजन कर विविध प्रकार के योगासन प्राणायाम और व्यायाम का प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ सतीश सिंह यादव के नेतृत्व में स्वयंसेवकों ने पौधरोपण कर ग्रामीणों को पर्यावरण संरक्षण के द्वारा शुद्ध वायु की स्वास्थ्य के लिए उपयोगिता समझाई।



मुख्य अतिथि शारीरिक शिक्षा विभाग के प्रभारी डॉ हुकुम सिंह ने निरोग रहने के लिए योगासनों व प्राणायाम का क्या महत्व है इस पर प्रकाश डाला और बाद में प्रशिक्षक के रूप में प्रमुख योगासनों का अभ्यास कराया। इस अवसर पर इस अवसर पर रोशनी, खुश्बू माहेश्वरी, प्राची, हर्षित, सलोनी, अंकुश, उर्मिलेश, दिशा, आकाश कुमार, दीक्षा, सुरभि भारती, अंश, हरिओम, अमित, अनन्या सक्सेना, ओमेंद्र सिंह, अस्मिता सागर, ज्योति, मुस्कान, आयुष, दीपांशु , मोहन, सृष्टि भारती आदि उपस्थित थे।

# 20 फरवरी से शुरू होगा चोटी वाले मियां साहब का 141वां उर्स

**बदायूं।** गत वर्षों की भांति इस साल भी हज़रत शाह नसीरउद्दीन हुसैन, हसनी हुसैनी, रहमतुल्लाह अलैह उर्फचोटी वाले मियां साहब का 141वाँ सालाना छः दिवसीय उर्स शरीफदरगाह स्थित मोहल्ला वैदों टोला जिला बदायूँ में 20 फरवरी से शुरू होकर 25 फरवरी, 2025 को सुबह कुल शरीफ होगा। दरगाह चोटी वाले मियां साहब मो० वैदोटोला के मुरीद अकरम हुसैन ने उक्त आशय की जानकारी देते हुए बताया है कि सभी मुरीदैन तथा अक़ीदतमन्दों की निगरानी में उर्स शुरू होगा। 24 फ़रवरी, 2025 को चादरपोशी होगी और प्रत्येक रात महफिले शमां (कब्बाली) का कार्यक्रम होगा। उर्स से सम्बंधित सभी कार्यक्रम दरगाह चोटी वाले मियां साहब के प्रांगण में आयोजित किए जाएंगे।

# उसावां में रोडवेज बस की टक्कर से साईकिल सवार चौकीदार की मौत

## गुस्साए ग्रामीणों ने हाईवे पर लगाया जाम, पुलिस ने खुलवाया

**अमर भास्कर, संवाददाता**

**बदायूं।** के उसावां थाना क्षेत्र में मुरादाबाद-फर्रूखाबाद हाईवे के गांव रतेनगला मोड़ पर शनिवार को सुबह सिकंदराबाद डिपो की रोडवेज बस की चपेट में आकर साइकिल सवार चौकीदार की मौत हो गई। चौकीदारी की मौत से आक्रोशित ग्रामीणों ने परिजनों के साथ हाईवे पर जाम लगा दिया। दातागंज एसडीएम व सीओ ने परिजनों को समझाकर बुझाकर जाम को खुलवाया। इसके बाद शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया।

गांव रतेनगला निवासी राजपाल यादव (52) पुत्र पौथन सिंह उसावां कस्बा स्थित एक पेट्रोल पंप पर चौकीदारी करते थे। शनिवार को सुबह सात बजे वह ड्यूटी करके साइकिल से घर वापस जा रहे थे। रतेनगला मोड़ के पास पीछे से आ रही रोडवेज बस ने उनकी साइकिल को चपेट में ले लिया। हादसे में राजपाल यादव की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही ग्रामीण व परिजन मौके पर पहुंच गए। आक्रोशित ग्रामीणों ने हाईवे पर जाम लगा दिया।



जाम की सूचना पर इंस्पेक्टर वीरपाल सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने ग्रामीणों को समझा बुझाकर शांत कराया। ग्रामीणों के शांत होने के बाद जाम खुलवाया गया। लेकिन परिजन आरोपी चालक की गिरफ्तार करने की मांग को लेकर फिर से पुलिस से अड़ गए। परिजनों ने उच्च अधिकारियों को मौके पर बुलाने की मांग को लेकर फिर से हाईवे पर जाम लगा दिया। पुलिस ने अधिकारियों को सूचना दी।

सूचना पर एसडीएम दातागंज धर्मेंद्र कुमार सिंह, सीओ दातागंज केके तिवारी व दो थानों का पुलिस फोर्स मौके पर पहुंच गया। अधिकारियों ने परिजनों को संत्वाना देकर हर संभव मदद दिलाने का भरोसा दिलाया। अफसरों के समझाने के बाद ग्रामीण हाईवे से हट गए। इंस्पेक्टर वीरपाल सिंह ने बताया कि बस को कब्जे में लिया गया है। आरोपी चलाक की तलाश की जा रही है। तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

चौकीदार की मौत से हाईवे पर दो बार जाम लगा, जिससे ढाई घंटे तक हाईवे पर दोनों ओर जाम की स्थिति बनी रही। दोनों तरफ वाहनों की कतार लग गई। अधिकारियों के काफी समझाने के बाद परिजन शांत हुए। तब जाकर पुलिस को राहत मिली। पुलिस ने चौकीदार के बेटे सुधीर की तहरीर पर रोडवेज बस चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। परिजनों ने बताया कि चौकीदार पर चार बेटियां व तीन बेटे हैं। सबसे छोटी बेटी आठ साल की है।

### आज तीन घंटे बाधित रहेगी बिल्सी की बिजली

**बिल्सी।** मोहल्ला संख्या पांच स्थित विद्युत उपकेंद्र के यार्ड परिसर में लाइन में कुछ तकनीकी कार्य होने की वजह से रविवार की सुबह 10 से अपराह्न एक बजे के मध्य बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। जेई दिनेश कुमार ने बताया कि नगर क्षेत्र के विद्युत उपकेंद्र के ऊपर से गुजर रही मुख्य लाइन काफी जर्जर और नीची हो गई है। इससे यहां फॉल्ट होने की आशंका बनी रहती है। इसको ध्यान में रखते हुए रविवार की सुबह 10 बजे से अपराह्न एक बजे के बीच इसकी मरम्मत का कार्य किया जाएगा।

## संपादकीय

# तैयार हुआ भविष्य के संबंधों का खाका



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का अस्थिर, अनपेक्षित एवं अप्रत्याशित स्वभाव सर्वविदित है। दूसरे कार्यकाल में उन्होंने अपनी चिरपरिचित शैली में एक के बाद एक फैसलों से पूरी दुनिया को चौंकाने का काम किया है। उनके रुख से स्पष्ट है कि पहले कार्यकाल की तुलना में राष्ट्रपति के रूप में अपनी दूसरी पारी में उनका रवैया और आक्रमण रहने वाला है।

वह अमेरिका की प्राथमिकताओं को नए सिरे से तय कर रहे हैं। ऐसे में दुनिया भर के देशों को भी अमेरिका के साथ अपने संबंधों की नई रूपरेखा बनानी पड़ रही है। ऐसे समय में भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अमेरिकी दौरे पर सभी की निगाहें टिकी हुई थीं। दोनों नेताओं की बातचीत में कई उलझाऊ मुद्दों के सुलझने के आसार बनते दिखे तो अगले चार साल के लिए द्विपक्षीय संबंधों का खाका भी खिंचा।

प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति ट्रंप के बीच बैठक में निजी आत्मीयता के भी दर्शन हुए। व्हाइट हाउस में पीएम मोदी का गर्मजोशी से स्वागत करते हुए राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि 'उन्हें उनकी कमी महसूस हो रही थी।' इजरायली प्रधानमंत्री, जापानी प्रधानमंत्री और जार्डन के राजा के बाद मोदी चौथे वैश्विक नेता हैं, जिनकी ट्रंप ने दूसरे कार्यकाल में मेजबानी की। इस तरह सांकेतिक तौर पर भी इस दौरे की महत्ता सहज ही समझी जा सकती है। ट्रंप का जैसा व्यक्तित्व है उसे देखते हुए उनके साथ समीकरण दुरुस्त रखने में निजी संबंध बहुत अहम भूमिका निभाते हैं। प्रधानमंत्री को ट्रंप ने मित्र के रूप में संबोधित करते हुए उन्हें 'टफ नेगोशिएटर' यानी सौदेबाजी में सख्त और दक्ष भी बताया। पीएम मोदी ने भी ट्रंप के विजन 'मेक अमेरिका ग्रेट अगेन' और अपनी संकल्पना 'विकसित भारत' के बीच समानता दर्शाते हुए साझा दृष्टिकोण को रेखांकित किया।

दुनिया भर के देश जिस तरह अमेरिका के साथ अपने संबंधों के पुनर्संयोजन में लगे हैं, उसे देखते हुए भारत को भी देर-सबेर यह काम करना था। प्रधानमंत्री के दौरे के साथ यह प्रक्रिया औपचारिक रूप से शुरू भी हो गई। ट्रंप प्रशासन इस समय टैरिफको लेकर बहुत आक्रामक है और पीएम मोदी के साथ बैठक से कुछ घंटे पहले ही ट्रंप ने जवाबी टैरिफको लेकर कदम बढ़ाने की घोषणा भी की। स्वाभाविक है कि दोनों नेताओं के बीच इस मुद्दे पर चर्चा हुई है। राष्ट्रपति ट्रंप ने जवाबी टैरिफका एलान जरूर किया है, लेकिन अभी उसके लिए आकलन एवं अन्य पहलुओं को तय किया जाना शेष है। ऐसे में कहीं न कहीं भारत के लिए अपने हितों को सुरक्षित बनाए रखने की गुंजाइश बनी हुई है।अब यह वार्ताकारों पर निर्भर करता है कि इसे किस तरह आगे बढ़ाया जाता है। हालांकि दोनों देशों ने वर्ष 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को 500 अरब डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा है। इससे तय है कि आने वाले दिनों में दोनों देशों के बीच व्यापार बढ़ेगा और इस राह में संभावित अवरोधों को समय रहते दूर करने का प्रयास किया जाएगा। अमेरिका ने भारत को अत्याधुनिक रक्षा तकनीक और तेल एवं गैस के साथ ही अन्य उभरती हुई प्रौद्योगिकियों की जो पेशकश की है, उससे व्यापारिक संबंधों को नया आयाम मिलेगा। हिंद प्रशांत से लेकर पश्चिम एशिया में परस्पर हितों के लिए दोनों देशों के बीच सामरिक साझेदारी को सैन्य प्रौद्योगिकी हस्तांतरण से और मजबूती मिलेगी। जहां तेल एवं गैस की बिक्री से भारत की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित होगी, वहीं हाइड्रोकार्बन खरीद में विविधीकरण बढ़ेगा और कुछ पक्षों पर निर्भरता घटेगी। इसी तरह आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी एआई जैसे नए उभरते हुए क्षेत्रों में दोनों पक्षों के बीच बढ़ता हुआ सहयोग न केवल द्विपक्षीय, बल्कि वैश्विक व्यवस्था को भी लाभ पहुंचाएगा। रूस-यूक्रेन के बीच तनाव घटाने को लेकर ट्रंप जिस तरह सक्रिय एवं प्रतिबद्ध हैं, उससे भी भारत के लिए वैश्विक व्यापार में सुगमता बढ़ेगी, क्योंकि बाइडन प्रशासन ने रूस पर कई तरह के प्रतिबंध लगाए हुए थे। इसी तरह चाबहार बंदरगाह का मामला ट्रंप ने विदेश मंत्री मार्को रूबियो पर छोड़ दिया है कि वही तय करें कि क्या करना है। इससे यही संकेत मिलता है कि भारत को छूट जारी रहेगी।

अमर भास्कर
( हिन्दी दैनिक समाचार पत्र )
- वरिष्ठ संरक्षक : वेदभानु आर्य
- संरक्षक : हामिद अली खाँ
- संरक्षक : सुरेश प्रसाद शर्मा
- प्रधान संपादक : फरीद क़ादरी
- संपादक : अबरार अहमद
- कानूनी सला. : मुहम्मद फुरकान, एड.
- व्यवस्थापक : ठा. वेदपाल सिंह
- मैनेजर : केपी यादव
- सह-संपादक : मोहम्मद राशिद
- उप संपादक : जहांगीर भारती

हमारे यूट्यूब चैनल *Amar Bhaskar News* को सब्सक्राइब करें वैल आइकॉन दबाना न भूलें।
-सर्वेश उपाध्याय, मैनेजिंग एडिटर*

अगर आपके पास भी है कोई कविता, रचना, लेख, गजल एवं छंद तो हमें लिख भेजिए, हमारा पता है:-
**अमर भास्कर कार्यालय**
**निकट होटल रिजेन्सी, लावेला चौक बदायूं ( उ.प्र. )।**
**पिन कोड-243601**
***Email- amarbhashkar21@gmail.com***
***Whatsapp. No. 9411214614***

# भारत-अमेरिका की दोस्ती, फिर लौट आई गर्मजोशी



भारतीय प्रधानमंत्री की अमेरिकी राष्ट्रपति से मुलाकात पर देश ही नहीं, दुनिया की भी निगाहें थीं। एक तो इसलिए कि मोदी उन चुनिंदा शासनाध्यक्षों मंह से एक हैं, जिनसे डोनाल्ड ट्रंप ने प्रारंभिक दौर में ही मुलाकात करना बेहतर समझा और दूसरे इसलिए कि भारत अब एक बड़ी ताकत बन चुका है और वैश्विक मामलों में उसका रुख-रवैया मायने रखता है।

इस मुलाकात को लेकर जिज्ञासा का एक कारण यह भी था कि बाइडन प्रशासन के समय अमेरिका और भारत के संबंधों में एक खिंचाव आ गया था। एक अर्से से यह महसूस किया जा रहा था कि बाइडन प्रशासन भारतीय हितों की वैसी चिंता नहीं कर रहा है, जैसी करनी चाहिए।

मोदी और ट्रंप की मुलाकात ने यह तो रेखांकित किया कि दोनों देशों के संबंधों में गर्मजोशी लौट आई है, लेकिन अभी यह नहीं कहा जा सकता कि अमेरिका भारत की समस्त चिंताओं का समाधान करने जा रहा है। इसका संकेत इससे मिलता है कि अमेरिकी राष्ट्रपति ने भारत के मामले में भी पारस्परिक टैरिफकी नीति पर चलने की घोषणा कर दी। यदि ट्रंप प्रशासन इस घोषणा पर वास्तव में अमल करता है तो जापान, यूरोपीय संघ के देशों के साथ भारत सबसे अधिक प्रभावित होने वाले देशों में हो सकता है। पारस्परिक टैरिफ से भारतीय उत्पादों के लिए अमेरिकी बाजार में स्थान बनाना कठिन हो सकता है। इसके नतीजे में अमेरिका में भारतीय निर्यात घट सकता है। इससे भारत के आर्थिक हितों को नुकसान होगा, क्योंकि जीडीपी में निर्यात की अहम भूमिका है और अमेरिका हमारा प्रमुख व्यापारिक सहयोगी देश है। यह ठीक है कि ट्रंप ने बांग्लादेश के मामले में भारत के मन मुताबिक बात कही, सीमा पार यानी पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद से मिलकर लड़ने का वादा किया और मुंबई हमले की साजिश में शामिल रहे पाकिस्तान मूल के कनाडाई आतंकी तहव्वुर राणा के प्रत्यर्पण की घोषणा की, लेकिन अमेरिका में खालिस्तान समर्थकों की भारत विरोधी गतिविधियों पर कुछ नहीं कहा। भारतीय प्रधानमंत्री की अमेरिका यात्रा के दौरान ऊर्जा, तकनीक के साथ अन्य कई क्षेत्रों में जो अनेक समझौते हुए, उनसे यह स्पष्ट होता है कि दोनों देशों के संबंधों में और प्रगाढ़ता आने जा रही है। इसका पता इससे भी चलता है कि विकसित भारत के लक्ष्य में सहायक बनने वाले विभिन्न क्षेत्रों में अमेरिका से सहयोग की राह प्रशस्त होती दिख रही है और अब भारत अमेरिका से कच्चा तेल और गैस खरीदने के साथ आधुनिक रक्षा उपकरण एवं तकनीक हासिल करने में भी समर्थ होगा, लेकिन क्या लड़ाकू विमान एफ-35 की खरीद हमारी प्राथमिकता सूची में शामिल है। इसमें संदेह नहीं कि भारतीय प्रधानमंत्री और अमेरिकी राष्ट्रपति की मुलाकात ने मैत्री संबंधों को मजबूत करने का माहौल बनाया, लेकिन यह समय बताएगा कि ट्रंप भारत की अपेक्षाओं पर खरा उतरते हैं या नहीं।

# सांस्कृतिक विविधता का अनूठा उत्सव है काशी तमिल संगमम

काशी तमिल संगमम का तीसरा संस्करण आज से शुरू हो रहा है। यह भारत की विविधता में एकता का एक और प्रमाण है। 15 से 24 फरवरी के बीच आयोजित होने वाला यह अनूठा सांस्कृतिक संगम देश के दो सबसे प्राचीन और आध्यात्मिक रूप से समृद्ध क्षेत्रों-काशी और तमिलनाडु को एक साथ लाता है। यह अनूठा सांस्कृतिक संगम भूगोल से परे प्रगाढ़ सभ्यतागत बंधन को बढ़ावा देता है। काशी तमिल संगमम का उद्घाटन 2022 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया था। इस वर्ष सांस्कृतिक कार्यक्रम का यह तीसरा संस्करण है। आजादी के अमृत महोत्सव समारोह के अंग के रूप में आरंभ की गई भारत सरकार की यह पहल एक भारत-श्रेष्ठ भारत की भावना को कायम रखती है।

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने घोषणा की है कि इस कार्यक्रम का तीसरा संस्करण भारत के सबसे सम्मानित संतों में से एक महर्षि अगस्त्यर (अगस्त्य) की स्मृति में मनाया जाएगा। महर्षि अगस्त्यर की बौद्धिक क्षमता तमिल भाषा और साहित्य, साझा मूल्यों, ज्ञान परंपराओं और विरासत की नींव के रूप में कार्य करती है। इस वर्ष काशी तमिल संगमम का विशेष महत्व है, क्योंकि इसकी आयोजन अवधि महाकुंभ के साथ मेल खाती है और अयोध्या में श्रीरामलला की 'प्राण प्रतिष्ठा' के बाद यह पहला संगम है। महाकुंभ और श्री अयोध्या धाम की पृष्ठभूमि और महर्षि अगस्त्यर पर मुख्य फोकस के साथ काशी तमिल संगमम उत्कृष्ट अनुभव प्रदान करेगा।

यह भारत के दो सबसे प्राचीन शिक्षा और सांस्कृतिक विरासत केंद्रों तमिलनाडु और काशी के बीच संबंध को इतना प्रगाढ़ करेगा, जितने पहले कभी नहीं हुए। काशी तमिल संगमम 3.0 के लिए सरकार ने तमिलनाडु से लगभग 1,000 प्रतिनिधियों को लाने की योजना बनाई है। इसमें युवाओं की भागीदारी को प्रोत्साहित करने पर विशेष बल दिया गया है। काशी तमिल संगमम के दौरान उपस्थित लोगों को काशी एवं तमिलनाडु, दोनों की उत्कृष्ट कला का अनुभव होगा। सदियों से तमिल संतों, ऋषियों और विद्वानों ने काशी की यात्रा की है, जिसने इसके आध्यात्मिक और शैक्षणिक परिदृश्य को समृद्ध किया है। तमिल समुदाय ने काशी को पवित्र स्थल के रूप में प्रतिष्ठित किया है। ज्ञान एवं परंपराओं का यह आदान-प्रदान पारस्परिक रहा है। आदि शंकराचार्य से लेकर महाकवि सुब्रमण्यम भरतियार तक, काशी में तमिल सांस्कृतिक पदचिह्न गहरे और स्थायी रहे हैं। सबसे महान तमिल साहित्यकारों में से एक महाकवि भरतियार का घर काशी में हनुमान घाट के तट पर स्थित तीर्थ स्थल है। काशी-तमिलनाडु का संबंध सदियों पुराना है। तमिल संत कुमारगुरुपारा देसीकर ने 17वीं शताब्दी में हनुमान घाट पर कुमारस्वामी मठ की स्थापना की, जिससे काशी में तमिल उपस्थिति स्थापित हुई। श्रीकाशी नातुकोट्टई नगरथर सतराम ने 200 वर्षों से अधिक समय से काशी विश्वनाथ मंदिर में प्रसाद की सुविधा प्रदान की है। कुछ विभाजनकारी ताकतों ने हमारे सामाजिक तानेबाने को बिगाड़ने का प्रयास किया है और इसी सिलसिले में एक क्षेत्र को दूसरे के खिलाफ, एक भाषा को दूसरी भाषा के खिलाफ खड़ा करने की कोशिश की है। हालांकि प्रधानमंत्री मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में भारत ने एकता, विकास और समावेशिता के मार्ग पर दृढ़ता से काम किया है। 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास' दृष्टिकोण राष्ट्रीय नीतियों को आकार देने वाला मार्गदर्शक सिद्धांत है, जो हर समुदाय और क्षेत्र के लिए समान प्रगति सुनिश्चित करता है। प्रधानमंत्री मोदी ने भाषाई और सांस्कृतिक सद्भाव का लगातार समर्थन किया है। तमिल संस्कृति के प्रति उनका गहरा लगाव सर्वविदित है। उनके भाषण प्रायरू तमिल साहित्य, भाषा और परंपराओं की समृद्ध विरासत को उजागर करते हैं। उन्होंने इस बात पर बार-बार बल दिया है कि तमिल दुनिया की सबसे पुरानी भाषाओं में से एक है, जो पूरे देश के लिए गर्व का विषय है।

तमिल इतिहास के संरक्षण और सम्मान के प्रति उनकी प्रतिबद्धता सिंगापुर में तिरुवल्लुवर सांस्कृतिक केंद्र की स्थापना और जकार्ता के मुरुगन मंदिर में महाकुंभाभिषेकम समारोह में उनकी भागीदारी से प्रदर्शित हुई।

वाराणसी में काशी तमिल संगमम-2023 का उद्घाटन करते हुए प्रधानमंत्री ने कन्याकुमारी-वाराणसी तमिल संगमम ट्रेन को हरी झंडी दिखाई थी और तिरुक्कुरल, मणिमेकलाई और अन्य क्लासिक तमिल साहित्यिक कृतियों के बहुभाषी और ब्रेल अनुवाद का शुभारंभ किया था।

उन्होंने भारतीय विचार और संस्कृति को इस दक्षिण-पश्चिमी प्रशांत राष्ट्र के लोगों के करीब लाने के लिए गुजराती और पापुआ न्यू गिनी की भाषा टोक पिसिन में तिरुक्कुरल जारी किया। यह पहल तमिलनाडु के साथ उनके गहरे संबंध को मजबूत करती है और अपनी समृद्ध विरासत को संरक्षित और उसे बढ़ावा देने के लिए भारत की व्यापक प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है।

काशी-तमिल संगमम के तीसरे पड़ाव में तमिलनाडु के हजारों प्रतिभागी राष्ट्र को एकजुट करने वाले शाश्वत संबंधों के साक्षी बनेंगे। यह आयोजन उत्सव मात्र नहीं है।

## खेल-खिलाड़ी

# बुमराह के बिना भी जीतना सीखना होगा

नई दिल्ली। लीजेंड्स लीग क्रिकेट द्वारा आयोजित की जा रही एलएलसी टेन-10 लीग का लखनऊ में शुभारंभ हो चुका है। उत्तर प्रदेश की इस सबसे बड़ी टेनिस बॉल क्रिकेट लीग में 12 टीमें हिस्सा ले रही हैं और इसके मुकाबले लखनऊ के केडी सिंह बाबू स्टेडियम में खेले जा रहे हैं। टूर्नामेंट के उद्घाटन के मौके पर उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक शामिल हुए। भारत के दिग्गज स्पिनर हरभजन सिंह भी इस लीग में मेंटर की भूमिका निभा रहे हैं। शुक्रवार को वह एलएलसी टेन-10 के खिलाड़ियों से मिले और उन्हें गेंदबाजी के गुर सिखाए। अमर उजाला से बातचीत में हरभजन ने चौंपियंस ट्रॉफी को लेकर बातचीत की और कहा कि भारत अगर अच्छी गेंदबाजी करता है तो टूर्नामेंट जीत सकता है। उन्होंने भारत को अपनी पसंदीदा टीम बताया। हरभजन एलएलसी टेन-10 में सबसे ज्यादा चार टीमों के मेंटर हैं। अमर उजाला से बातचीत में भज्जी ने एलएलसी टेन-10 लीग के महत्व के बारे में बताया। साथ ही लखनऊ के खाने की भी जमकर तारीफ की। उन्होंने लखनऊ की बिरयानी, टुंडे कबाब की तारीफ की। हरभजन सिंहरू चौंपियंस ट्रॉफी के लिए भारत की टीम तो काफी अच्छी है। हम अभी इंग्लैंड के सामने खेले हैं और टीम सेटल नजर आई है। सबसे अच्छी बात यह है कि वरुण चक्रवर्ती को भी टीम में ले लिया गया है। मुझे लगता है कि टूर्नामेंट में हमने अगर गेंदबाजी थोड़ी सी अच्छी कर दी, क्योंकि बल्लेबाजी तो हमारी पहले से ही अच्छी है, तो मौका बन सकता है। हरभजन सिंह बुमराह नहीं हैं, लेकिन बुमराह के बिना भी आपको मैच जीतना आना चाहिए। बुमराह हमेशा तो रहेंगे नहीं, कपिल देव भी हमेशा नहीं खेले। हमेशा कोई खिलाड़ी नहीं खेलेगा। जब बड़े-बड़े खिलाड़ी हमेशा नहीं खेले तो बुमराह भी इस बार टीम में नहीं हैं। हां उनकी कमी जरूर खलेगी। लेकिन इससे बाकी खिलाड़ियों के लिए मौका बनेगा कि बुमराह अगर नहीं हैं तो हमें कैसे मैच जीतना है या जिताना है। टीम के पास वरुण हैं, वह अच्छी फॉर्म में हैं। अर्शदीप एक क्वालिटी गेंदबाज हैं। टीम के पास शमी हैं। तो मुझे लगता है कि भारत के पास यह काबीलियत है कि टीम ट्रॉफी जीत सकती है। हमने गेंदबाजी अच्छी कर दी तो हम यह टूर्नामेंट जीत जाएंगे। हरभजन सिंहरू मेरा नजरिया मुझे लगता है बाकियों से अलग है। जिस टीम को मैं मजबूत देखता हूं, वह है अफगानिस्तान। अफगानिस्तान एक अच्छी टीम है और यह टीम स्पिन अच्छा खेलती है। उनकी स्पिन गेंदबाजी बहुत अच्छी है। मेरी नजर इस टूर्नामेंट में भारत और अफगानिस्तान पर रहेगी। ये दोनों टीमें टूर्नामेंट जीत सकती हैं। अफगानिस्तान को किसी भी मायने में कम नहीं आंका जा सकता। अगर आप दुबई में खेल रहे हैं तो यह भी उनके लिए होम ग्राउंड है। उनके खिलाड़ी भी वहां पर काफी क्रिकेट खेल चुके हैं। राशिद और अन्य स्पिनरों के दम पर अफगानिस्तान टीम को हराना बाकी टीमों के लिए मुश्किल होगा।



# धोनी की इस चाल को भूल नहीं पा रहे हैं अश्विन-कार्तिक और रैना

नई दिल्ली। भारत के पूर्व स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने इंग्लैंड के खिलाफ 2013 चौंपियंस ट्रॉफी फाइनल के दौरान एमएस धोनी की ऑन-फील्ड रणनीतिक प्रतिभा को याद किया और कहा कि वह जोनाथन ट्रॉट को आउट करने की एमएस धोनी की सलाह से हैरान रह गए थे। बर्मिंघम के एजबेस्टन में खेले गए 2013 चौंपियंस ट्रॉफी फाइनल में भारत का सामना मेजबान देश इंग्लैंड से हुआ था। बारिश के खलल ने मुकाबले को 20-20 ओवर का बना दिया था। धोनी की कप्तानी में भारत ने 129 रनों का बचाव किया था। पूर्व कप्तान की खेल जागरूकता और रणनीतिक सोच को याद करते हुए अश्विन ने जियोहॉटस्टार के अनबीटन धोनी डायनामाइट्स के एक विशेष एपिसोड के दौरान ट्रॉट को आउट करने के पीछे की कहानी सुनाई। अश्विन ने कहा, श्मुझे अभी भी याद है कि माही भाई मेरे पास आए और कहा- ट्रॉट को ओवर द स्टंप गेंदबाजी मत करो। अराउंड द विकेट गेंदबाजी करोद्य ट्रॉट लेग साइड पर खेलने की कोशिश करेगा और अगर गेंद स्पिन करती है, तो वह स्टंप हो जाएंगे। मुझे अभी भी विश्वास नहीं हो रहा है कि उन्होंने यह भविष्यवाणी इतनी आसानी से कैसे कर दी थी।श् धोनी के नेतृत्व में इस जीत से भारतीय टीम की काफी तारीफ हुई थी। धोनी तीन-तीन आईसीसी ट्रॉफी जीतने वाले पहले कप्तान बने थे। पूर्व भारतीय विकेटकीपर दिनेश कार्तिक ने भी टीम के लचीलेपन और दबाव में अहम फैसले लेने की धोनी की क्षमता पर अपनी राय दी। उन्होंने कहा- यह हमारे लिए यह दिखाने का मौका था कि टीम इंडिया के लिए क्रिकेट क्या मायने रखता है। हम लचीले थे, हमने वापसी के लिए लड़ाई लड़ी और हमारे पास कभी हार न मानने की मानसिकता थी। इंग्लैंड लगभग जीत के करीब था और वह आसानी से जीत सकते थे, लेकिन धोनी ने कुछ शानदार रणनीतिक फैसले लिए और गेंदबाजों ने उनका साथ दिया।



भारत के पूर्व बल्लेबाज और कमेंटेटर आकाश चोपड़ा ने कहा कि 2013 चौंपियंस ट्रॉफी धोनी के नेतृत्व का एक वसीयतनामा था। उन्होंने कहा, यह उनका टूर्नामेंट था। ट्रॉफी पर धोनी लिखा हुआ था। उन्होंने इस टीम को लगभग अपनी छवि में ढाल लिया था और एक के बाद एक जीत हासिल की थी। यह आसमान द्वारा लिखी गई कहानी थी। धोनी ने उस मैच में जो फैसले लिए, वह इंग्लैंड के लिए घातक साबित हुए थे। ईशांत

# मंत्रियों, विधायकों और अधिकारियों के घरों पर लगेंगे स्मार्ट मीटर



**उत्तराखंड।** जिले में सभी मंत्रियों, विधायकों और अधिकारियों के घरों पर स्मार्ट मीटर लगाए जाएंगे। मुख्यमंत्री धामी ने इस संबंध में निर्देश दिए। प्रमुख सचिव ऊर्जा ने इस संबंध में जानकारी दी। अब तक 24 हजार उपभोक्ताओं के घर पर स्मार्ट मीटर लग चुके हैं। वहीं स्मार्ट बिजली मीटर पर राजनीतिक करंट इतना बढ़ गया है कि कांग्रेस और भाजपा के बीच जुबानी जंग छिड़ चुकी है। किच्छा के कांग्रेस विधायक ने स्मार्ट मीटर तोड़कर अपने विरोध जताया तो कांग्रेस के कई नेता उनके समर्थन में उतर आए। उधर भाजपा ने भी कांग्रेस पर पलटवार कर दिया।

पार्टी ने कहा कि कांग्रेस स्मार्ट मीटर विरोधी रवैया बिजली चोरी रोकने में बाधक बन रहा है। जबकि हिमाचल सहित कांग्रेस शासित राज्यों में भी स्मार्ट बिजली मीटर लगे हैं। पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने कहा कि स्मार्ट मीटर उपभोक्ता और प्रदेश दोनों की आर्थिकी के लिए जरूरी है। उन्होंने विपक्ष के आरोपों को भ्रामक दुष्प्रचार से प्रेरित करार दिया। कहा, स्मार्ट मीटर से उपभोक्ताओं को बिजली खपत से जुड़ी सूचनाओं की ऑनलाइन उपलब्धता, पल-पल के बिजली के उपयोग की जानकारी, सभी जरूरी सूचनाओं के संदेश, बिजली के उपयोग की तुलना आदि सहित आसानी से भुगतान के कई विकल्प मिलेंगे। देश भर में लगभग 20 करोड़ स्मार्ट मीटर लगाया जाना स्वीकृत किया गया है और 55 लाख से अधिक स्मार्ट कनेक्शन लगाए जा चुके हैं।

# अधिवक्ता परिषद ब्रज स्वाध्याय मंडल की बैठक आयोजित



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**चन्दौसी।** अधिवक्ता परिषद ब्रज स्वाध्याय मंडल की बैठक बार रूम सभागार चंदौसी में आयोजित की गई जिसमें मुख्य वक्ता चंद्रपाल सिंह डिप्टी चीफ कॉउंसिल जिला विधिक सेवा प्रधिकरण) ने लैंगिक अपराध से बालकों का संरक्षण अधिनियम पर बताया कि बालकों के प्रति यौन अपराधों में त्वरित सुनवाई एवं त्वरित न्याय हेतु उक्त अधिनियम लाया गया था जिस पर न केवल हमारे देश ने बल्कि पूरे विश्व ने उक्त पर चिंता व्यक्त की थी।

जिसके लागू होने से पुलिस जाँच प्रक्रिया में तेजी आयी है तथा अन्य प्राविधानों पर राहुल दीक्षित जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी ने बताया कि सरकार की मंशा यही है कि बालकों के प्रति लैंगिक अपराधों में सुलभ एवं त्वरित न्याय मिल सके ताकि बालकों एवं बालिकाओं के प्रति होने वाले अपराधों में कमी होकर ऐसे अपराधों से समाज मुक्त हो सके।

बैठक की अध्यक्षता राजीव शर्मा एवं संचालन विष्णु कुमार शर्मा ने किया। बैठक में अमरीश अग्रवाल, रजनी शर्मा, राहुल दीक्षित, विभोर बंसल, सुनील कुमार, आस्था सिंह राघव, विनीत कुमार मौर्य, उपदेश कुमार, रामवीर प्रजापति, पूनम रानी दुबे, अखलेश कुमार, रितिक सैनी उपस्थित रहे।

# तहसील सहावर में विधायक की मौजूदगी में सुनीं जनसमस्याएं



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**कासगंज।** विधायक अमापुर हरिओम वर्मा की उपस्थिति में एवं अपर जिलाधिकारी राकेश कुमार पटेल की अध्यक्षता में तहसील सहावर के सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन कर आम जनमानस की समस्याओं व शिकायतों का निस्तारण किया गया। विधायक जी ने कहा कि शिकायतों का त्वरित, गुणवत्तापरक एवं निष्पक्ष निस्तारण ही शासन की प्राथमिकता है। सभी अधिकारी प्राप्त प्रार्थना पत्रों को शीघ्रता से निस्तारित करना सुनिश्चित करें। जिससे पीड़ितों को पूर्ण संतुष्टि मिले। इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाये। विधायक एवं अपर जिला अधिकारी के समक्ष इस अवसर पर अधिक धनराशि के बिजली के बिल आने, विधवा व वृद्धावस्था पेंशन न मिलने, राशन कार्ड बनवाने, भूमि की पैमाइश कराने, अवैध कब्जा हटवाने, राजस्व, भूमि विवाद, उत्पीड़न, आपसी विवाद आदि से सम्बंधित 25 प्रार्थना प्रत्र प्राप्त हुये, जिनमें से 04 प्रार्थना पत्रों को मौके पर ही निस्तारित कर दिया गया। क्षेत्रीय विधायक एवं अपर जिलाधिकारी ने सभी प्रार्थना पत्रों को गंभीरतापूर्वक सुनकर सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को प्राप्त हुई शिकायतों व समस्याओं के प्रभावी व गुणवत्तापरक निस्तारण के निर्देश दिये।

सम्पूर्ण समाधान दिवस पर तहसील सहावर में अधिशसी अभियंता विद्युत एवं जिला स्तरीय अधिकारी सहित सीओ, तहसीलदार संदीप चौधरी, समस्त क्षेत्रीय खण्ड विकास अधिकारी एवं थाना प्रभारी उपस्थित रहे। सम्पूर्ण समाधान दिवस पर जिले की अन्य दोनों तहसीलों कासगंज एवं पटियाली में अधिकारियों द्वारा जनता की समस्याओं व शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुना गया तथा विभागीय अधिकारियों को यथाशीघ्र प्रार्थना पत्रों को निस्तारित करने के निर्देश दिये गये।

# साइबर हमले रोकने के लिए प्रदेश में कई अहम बदलाव



**उत्तराखंड।** साइबर हमले रोकने को सूचना प्रौद्योगिकी विकास एजेंसी(आईटीडीए) ने कई अहम बदलाव किए हैं। इसके तहत सभी विभागों में रिमोट डेस्क पर रोक लगा दी गई है।

फायरवॉल समेत कई नीतियां बनाई गई हैं। अभी तक कई विभाग अपने सिस्टम को रिमोट एक्सेस जैसे एनि डेस्क से चला लेते थे। चूंकि इस दौरान उनका पूरा नेटवर्क ओपेन हो जाता है, इसलिए वायरस हमलों का खतरा बढ़ जाता है। आईटीडीए ने रिमोट डेस्क पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी है। कोई भी सरकारी अधिकारी या कर्मचारी अपनी वेबसाइट को रिमोट एक्सेस से नहीं चला सकेगा। अभी तक फायरवॉल को लेकर ज्यादा सख्त नियम नहीं थे। आईटीडीए ने फायरवॉल पॉलिसी बना दी है। इसमें वेबसाइटों व डाटा की सुरक्षा के लिए कई प्रावधान कर दिए गए हैं। फायरवॉल लगाने के साथ ही राइट्स (वेबसाइट चलाने के अधिकार) को लेकर भी नियम कड़े कर दिए गए हैं। हर विभाग में अधिकारी के पद या जरूरत के हिसाब से राइट्स तय किए जा रहे हैं। कई स्तर की सुरक्षा को पार कर कौन अधिकारी वेबसाइट में भीतर तक घुस सकेगा, यह स्पष्ट रहेगा। सचिव आईटी नितेश झा ने बताया कि साइबर हमले रोकने और डाटा की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए इस तरह के बदलाव किए जा रहे हैं। भविष्य में इसका असर भी नजर आएगा।

# मौसम ने ली करवट

**देहरादून।** शनिवार को मौसम के करवट लेते ही ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी हुई। चकराता, औली और यमुनोत्री में बर्फबारी की सिलसिला जारी है। मौसम के बदले मिजाज के चलते एक बार फिर लोगों को ठंड का अहसास हुआ। उत्तराखंड में अभी भी आज पहाड़ से लेकर मैदान तक मौसम का मिजाज बदला हुआ है। कुछ जगहों पर बारिश के साथ ठंडी हवाएं चल रही हैं। मौसम विभाग की ओर से पूर्व में ही शनिवार को ऊंचाई वाले इलाकों में बारिश के आसार जताए गए थे। यमुनोत्री धाम में बर्फबारी का सिलसिला जारी है।

# मेघालय में होगी अगली मुलाकात

**उत्तराखंड।** 38वें राष्ट्रीय खेलों के शानदार समापन के बाद अब यह खेल कराने की बारी मेघालय की है। साल 2027 में मेजबानी करने वाले पूर्वोत्तर के इस राज्य के मुख्यमंत्री कॉनराड संगमा को गृहमंत्री अमित शाह ने 39वें नेशनल गेम्स का ध्वज सौंपा। इस मौके पर गृहमंत्री ने यह भी घोषणा कि खेल को बढ़ावा देने के लिए मेघालय के साथ ही पूर्वोत्तर के अन्य छह राज्यों में भी नेशनल गेम की प्रतियोगिताएं होंगी।

## सार-संक्षेप

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर फिर एक्सीडेंट



**अमर भस्कर, ब्यूरो**

**आंवला।** (बरेली) आंवला मै अब्दुल कलाम पार्क के समीप बुधवार को देर रात 7:30 बजे बाइक ने एक सेवानिवृत्त अध्यापक जयपाल गुप्ता निवासी आदर्श नगर कॉलोनी को टक्कर मार दी जिसमें वह घायल हो गए सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल रिटायर्ड अध्यापक को सरकारी एंबुलेंस के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया परंतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर ड्यूटी पर तैनाद वार्ड बाय फिर नदारत मिला काफी देर के बाद इमरजेंसी डॉक्टर और फार्मर लिस्ट पहुंचे और तत्काल फॉर्म लिस्ट और डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार दिया। हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया यहां बता दें,

ड्यूटी पर तैनाद वार्ड बॉय कुछ रोज पहले भी ड्यूटी पर गायब था और बरेली भाग गया था उसे दिन हादसे में घायल महिला की बरेली अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई थी परंतु फिर भी स्वास्थ्य विभाग के ऊपर कोई असर नहीं पड़ा कार्रवाई के न होने से उसके हौसले बुलंद हैं और आज फिर वही दोहराया गया और एक्सीडेंट के दौरान वार्ड वह नदारत मिला इस पर अधिकारियों ने भी कोई संज्ञान नहीं लिया है सीएचसी प्रभारी डॉक्टर शशांक रतन यादव ने बताया स्टाफकी बहुत कमी है जिसके कारण ड्यूटी मैनेज की जाती है स्टाफके लिए मांग पत्र भी भेजा जा चुका है और वर्ल्ड बाय के नदारत होने की सूचना मिली जिसकी जांच की जाएगी

### स्मार्ट सिटी प्रदर्शनी कार्यक्रम का किया आयोजन



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**सम्भल।** विकासखंड के क्षेत्र अंतर्गत के एस एकेडमी में स्मार्ट सिटी प्रदर्शनी कार्यक्रम का किया गया।आयोजन में गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहे सभी ने छात्र छात्राओं का होंसला अफ्जाई किया। जिसमें बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और स्मार्ट सिटी के मॉडल बनाए गए। शनिवार को के एस एकेडमी लखौरी जलालपुर में स्मार्ट सिटी के मॉडल प्रदर्शनी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिससे में छात्त एवं छात्राओं द्वारा स्मार्ट सिटी प्रदर्शनी बनाई गयी। प्रदर्शनी में बच्चों द्वारा जेसीबी, नलकूप,सोलर पैनल आदि का माडल बना गया। जिसमें छात्र छात्राओं द्वारा स्वच्छता का भी संदेश दिया।

प्रदर्शनी कार्यकम में प्रथम स्थान ग्रुप ए के छात्रों द्वारा प्राप्त किया गया एवं द्वितीय स्थान पर ग्रुप सी ने प्राप्त किया। कार्यक्रम में के एस एकेडमी प्रबंधक लोकेंद्र सिंह, एवं शिक्षिकाएं कमलेश वर्मा, कुमारी शिवानी, विशाखा, वंशिका, एवं छात्र छात्राओं में विशाल, मनीष, भूपेंद्र, दीपांशु, दानवीर, गुलफिजा, अंशिका, हर्ष, अनूप, लक्ष्मी, अदीबा, अनुराग इत्यादि उपस्थित है। के एस एकेडमी प्रबंधक लोकेंद्र सिंह द्वारा जानकारी देते हो बताया गया है कि आज के एस एकेडमी में छात्र छात्राओं द्वारा आकर्षक स्मार्ट सिटी के मॉडल बनाए गए हैं। जो की अपने आप में स्वच्छता का भी संदेश दे रहे हैं मैं सभी छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूं।

# नगर में विकास के लिए पालिका अध्यक्ष ने लिए अभूतपूर्व फैसले



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**आंवला।** नगर पालिका अध्यक्ष आबिद अली ने नगर में विकास के लिए अभूतपूर्व फैसले लेते हुए बताया कि नगर में विकास के लिए हमने नगर के विभिन्न कर जो अभी तक पालिका को प्राप्त नहीं हुआ है इसकी राशि एक करोड़ रूपए है हम यह राशि निकालना चाहते हैं वह इस राशि को नगर के विकास में लगाना चाहते हैं विकास के लिए ही नगर की जनता ने हमें चुना है जो लोग अपना बकाया कर पालिका में जमा नहीं करेंगे उनका जन्म ब मृत्यु व अन्य किसी भी जानकारी व लाभ व्यक्ति को नहीं मिलेगा हमारी बकाया राशि निकालने के लिए स्पष्ट नीति है। नगर की सफाई व्यवस्था पर बोलते हुए उन्होंने बताया कि सफाई के लिए कर्मचारियों को सख्त निर्देश दिए हैं, सफाई कर्मियों को दोपहर की हाजिरी लगाने के बाद ही पूरी ड्यूटी मानी जाएगी हमने बरेली के एक संविदा कर्मचारी के 2 दिन गैर हाजिर रहने पर दो दिन का वेतन काटा गया है। कोई भी कर्मचारी बिना सूचना के ड्यूटी से नदारत नहीं रहेगा हाल ही में जुड़े पांचो गांव में हमने विकास की विभिन्न परियोजनाओं को भी चलाया है।

# फर्जी बीमा पॉलिसी करने वाले गिरोह के छह अभियुक्त गिरफ्तार



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**संभल।** थाना रजपुर पुलिस ने फर्जी बीमा पॉलिसी करने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह के छह अभियुक्तों को पकड़ कर एक बहुत बड़ी सफलता हासिल की है।

पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई द्वारा बताया गया कि अभियुक्त शाहरुख खान पुत्र सूखे खान निवासी भैयापुर थाना धनारी जनपद संभल तथा हीरेंद्र कुमार पुत्र अनेक राम निवासी ग्राम मेहुआ हसनगंज थाना रजपुरा जनपद संभल और संजू उर्फ रूप किशोर पुत्र उदयवीर निवासी धनारी स्टेशन थाना धनारी जनपद संभल एवं प्रेमपाल पुत्र नरेश पाल निवासी बबराला थाना गुन्नौर जनपद संभल प्रेम सिंह यादव पुत्र दरियाव सिंह निवासी रजपुरा थाना रजपुरा जनपद संभल नीलम पत्नी दानवीर निवासी ग्राम बाघौर थाना डिबाई जनपद बुलंदशहर को बैंकों की 81 पासबुक तथा 16 चेक बुक एवं 35 डेबिट कार्ड और 25 आधार कार्ड और 18 पैन कार्ड तथा 51 बीमा पॉलिसी क्लेम फॉर्म तथा 31 मृत्यु प्रमाण पत्र तथा 17 बीमा पॉलिसी बॉन्ड तथा 12 फोटोकॉपी बीमा पॉलिसी तथा दो लैपटॉप और 5 मोबाइल फोन और 7 भिन्न-भिन्न सिम कार्ड तथा विभिन्न बैंकों की 18 सील मोहर तथा एक मेट्रो पैन कार्ड तथा दो बैग बरामद हुए हैं जो की यह अभियुक्त राजस्थान गुजरात दिल्ली हरियाणा उत्तराखंड उत्तर प्रदेश झारखंड बिहार पश्चिम बंगाल के रहने वाले व्यक्तियों से संबंधित है और मरे हुए, व्यक्तियों की बीमा कराकर प्राइवेट बीमा कंपनियों के साथ धोखाधड़ी करना इनका कार्य है और इन अभियुक्तों को गिरफ्तार का जेल भेजा जा रहा है और पुलिस की इस तरह के अपराध करने वालों के खिलाफ अभी आगे भी कार्यवाही जारी है।

# डीएम-एसपी की अध्यक्षता में आयोजित हुआ संपूर्ण समाधान दिवस



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**संभल।** जनसामान्य की शिकायतों के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से जनपद की तीनों तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी डॉ.राजेंद्र पैंसिया एवं पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई की अध्यक्षता में तहसील सम्भल में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजन किया गया। संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने शिकायतकर्ताओं की समस्या सुनकर मौके पर अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि शिकायतें लंबित न रखी जाये, शिकायतों को गम्भीरता से लिया जाये। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतों को सुना एवं संबंधित थानाध्यक्षों को निस्तारण के निर्देश दिए। तहसील सम्भल में कुल 64 शिकायतें प्राप्त हुई तथा 07 शिकायतों का तत्काल निस्तारण किया गया एवं शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु पुलिस और राजस्व की संयुक्त टीमें मौके को पर जाकर निस्तारण करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि शिकायत का निस्तारण शीघ्र एवं निचले स्तर पर कर दिया जाए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, उप जिलाधिकारी संभल वंदना मिश्रा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ तरुण पाठक, तहसीलदार सहित अधिकारी उपस्थित रहे।

# भगवान हनुमान के दर्शन करना सुखद अनुभूति: अवनीश त्यागी



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**संभल।** जिले में 50 वर्ष उपरांत आजाद हुए भगवान हनुमान मंदिर में दर्शन करने के लिए आए भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता अवनीश कुमार त्यागी ने संभल पहुंचकर भगवान हनुमान के दर्शन किए। हनुमान चालीसा, का पाठ, आरती, सत्संग गायन किया। प्रसाद वितरण हुआ।

भगवान श्री हनुमान के मंदिर में पहुंचकर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता अवनीश त्यागी ने कहा कि 50 वर्षों के उपरांत कोई मंदिर किसी के भी चंगुल से आजाद हो जाए और उस आजाद हुए मंदिर में भगवान के विग्रह को प्रतिमा को कोई क्षति न पहुंचे और अपने वास्तविक स्वरूप में हिंदू समाज को आशीर्वाद देने की मुद्रा में दर्शन हो सके, ऐसा दुर्लभ है। यह दुर्लभ कार्य भगवान श्री कल्कि स्थल संभल में ही हो सकता है। उन्होंने संभल के नगर समाज से आहवान किया कि इस मंदिर में प्रतिदिन सामूहिक आरती, साप्ताहिक भंडारा, साप्ताहिक सत्संग, भजन कीर्तन और नित्य प्रति दर्शन करने की आदत, संस्कार, व्यवहार बनाना होगा। प्रदेश प्रवक्ता अवनीश त्यागी ने भगवान श्री हनुमान मंदिर में पहुंचते ही दंडवत प्रणाम करते हुए माथा टेका। भगवान श्री हनुमान को चोला चढ़ाया। भोग लगाया। हनुमान चालीसा, हनुमान आरती के उपरांत संकीर्तन किया और बड़ी आस्था, श्रद्धा, भक्ति के साथ विधिवत पूजा अर्चना की।

# पुलवामा में शहीद हुए जवानों को दी श्रद्धांजलि



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**चन्दौसी।** थाना सदर कोतवाली चंदौसी क्षेत्र के अंतर्गत महिला संगठन द्वारा पुलवामा में शहीद हुए जवानों को श्रद्धांजलि दी गई जायंट्स ग्रुप वुमेन शिखर चंदौसी द्वारा 14 फरवरी 2019 का दिन भारत के इतिहास में काला दिन माना जाता है इस दिन जम्मू कश्मीर के पुलवामा में हुए आतंकी हमले में शहीद हुए 40 जवान बलिदान हुए थे उन्हीं की याद में मोमबत्ती जलाकर उन को भरपूर श्रद्धांजलि दी इस मौके पर वुमेन्स शिखर की अध्यक्ष शोभा शर्मा सचिव मोना शर्मा कोषाध्यक्ष नीतू रस्तोगी और संकल्प ग्रुप चंदौसी की अध्यक्ष शिवानी शर्मा सचिव दामिनी वार्ष्णेय कोषाध्यक्ष स्वाती शर्मा मौजूद रहीं सुमन शर्मा सुप्रिती गुप्ता बीना गुप्ता डायरेक्टर शिखा शर्मा भी मौजूद रहे।

# संपूर्ण समाधान दिवस में किसान ने प्रधान व सचिव पर लगाये आरोप



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**संभल।** जनपद संभल में नई तहसील के सभागार संभल में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया जिसमें डीएम तथा एसपी ने जन समस्याओं को सुना जिसके अंतर्गत एक ग्रामीण कोकाराम पुत्र भूकन सिंह निवासी सारंगपुर थाना कैला देवी एक गांव की गंभीर समस्या को लेकर पहुंचा जहां उसने ग्राम प्रधान तथा लेखपाल पर गंभीर आरोप लगाते हुए बताया कि तहसीलदार की आख्या के अनुसार गांव के अनुसूचित जाति के किसानों के नाम भूमि दर्शायी गई है। जबकि कुछ किसान तो सन 1980 के दशक से गांव में नहीं रहते हैं।

राम प्रकाश पुत्र नेपाल राम सिंह पुत्र लल्लू ओमवती पत्नी महेश यह लोग गांव में नहीं रहते हैं तथा कृपाल पुत्र संतराम 6000 हजार रुपए प्रति साल ले रहे हैं जबकि महिपाल का गाटा संख्या 768 से कोई लेना देना नहीं है चंद्रकिरण पुत्र आसाराम को पता ही नहीं है कि हमारा पट्टा कहां पर है और पूर्व प्रधान बमोरी पट्टी के द्वारा बताया गया है कि गाटा संख्या 768 हमारे गांव की आबादी के बराबर है जिससे तुम्हारे गांव के प्रधान ने तथा लेखपाल ने लगभग 35 लाख में बेचकर हमारे गांव के किसानों का निर्माण सन 2017-18 में कराया था और यह पट्टे फर्जी तरीके से कराए गए हैं ऐसे समाजवादी तथा परिवारवादी भू माफिया प्रधान पति तथा लेखपाल के खिलाफ गाटा संख्या 768 की जांच कराकर सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए।

# आर्थिक सर्वेक्षण की रिपोर्ट विकास की दर

**उत्तराखंड।** प्रमुख सचिव नियोजन आर मीनाक्षी सुंदरम ने आर्थिक सर्वेक्षण की रिपोर्ट पर जानकारी दी। उन्होंने बताया कि उत्तराखंड की विकास दर बढ़ी है, जिसमें 6.61 प्रतिशत को बढ़ोतरी हुई है। राष्ट्रीय औसत 6.4 प्रतिशत है। विकास दर के साथ ही सकल घरेलू उत्पाद भी बढ़ा है।

प्रमुख सचिव नियोजन ने कहा कि 2023-24 के 332000 करोड़ से बढ़कर 3,78,000 करोड़ अनुमानित है। इसके अलावा लोक प्रशासन एवं अन्य सेवा क्षेत्र में सर्वाधिक 13.58 प्रतिशत की ग्रोथ हुई है।

# डकैती के दौरान हुई छात्र की हत्या

**तेहरान।** ईरान के उपराष्ट्रपति ने शनिवार को तेहरान विश्वविद्यालय में विरोध प्रदर्शन के बाद एक विश्वविद्यालय के छात्र की हत्या की जांच के आदेश दिए हैं। मामले में आधिकारिक समाचार एजेंसी आईआरएनए की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि उपराष्ट्रपति मोहम्मद रजा आरिफ ने सुरक्षा अधिकारियों को मामले की तुरंत जांच करने का आदेश दिया। यह फैसला तेहरान विश्वविद्यालय के छात्रावास में अधिक सुरक्षा उपायों की मांग को लेकर गुस्साए छात्रों के विरोध प्रदर्शन के एक दिन बाद उठाया गया।



सोशल मीडिया पर वीडियो के अनुसार, विरोध प्रदर्शन कुछ समय के लिए हिंसक हो गया और पुलिस ने छात्रावास के गेट पर सुरक्षा बलों को तैनात कर दिया है। हालांकि, इस वीडियो फुटेज की आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है। प्रदर्शनकारियों ने इस दौरान शर्म करो के नारे लगाते हुए छात्रावास और उसके आस-पास अधिक सुरक्षा उपायों की मांग की, और कभी-कभार होने वाली डकैती की शिकायत भी की। 12 फरवरी बुधवार को, 19 वर्षीय छात्र आमिर मोहम्मद खालेगी को दो अज्ञात लुटेरों ने चाकू मार दिया, जिन्होंने छात्रावास के सामने उसका बैग चुरा लिया। इस हमले में बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन के छात्र खालेगी की अस्पताल में मौत हो गई। वहीं प्रदर्शन के दौरान आश्वासन मिलने के बाद शुक्रवार देर रात छात्रावास में शांति देखी गई। हालांकि विरोध राजनीतिक रूप से प्रेरित नहीं था।

हाल ही में, 2022 में, 22 वर्षीय महिला महसा अमीनी की मौत पर विश्वविद्यालय विरोध के प्रमुख केंद्र थे, जो कथित तौर पर बुर्का सही तरीके से न पहनने के कारण पुलिस की तरफसे हिरासत में लिए जाने के बाद पुलिस हिरासत में मर गई थी। अमीनी की मौत के बाद हुए विरोध प्रदर्शनों की शुरुआत सबसे पहले महिला, जीवन, स्वतंत्रता के नारे से हुई।

हालांकि, प्रदर्शनकारियों की मांग जल्द ही मौजूदा धर्मतंत्र के खिलाफ विद्रोह के खुले आह्वान में बदल गईं। महीनों तक चले राष्ट्रव्यापी विरोध प्रदर्शन, जिसने पूरे प्रतिष्ठान को हिलाकर रख दिया था, 2023 की शुरुआत में सुरक्षा कार्रवाई के बाद ये प्रदर्शन खत्म हो गया, जिसके दौरान 500 से अधिक लोग मारे गए और 22,000 से अधिक हिरासत में लिए गए। 1999 में, तेहरान में सरकार की तरफसे एक सुधारवादी समाचार पत्र को बंद करने और उसके बाद सुरक्षा बलों की कार्रवाई के विरोध में छात्रों ने विरोध प्रदर्शन किया, जिसमें कई लोग मारे गए, सैकड़ों घायल हुए और कई अन्य को गिरफ्तार किया गया।

## रिपोर्ट में उजागर हुईं अनेक गलतियां

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने बृहस्पतिवार को कहा कि 1985 के कनिष्क बम विस्फोट घटना से सीखे गए सबक के बावजूद कनाडा सरकार ने चरमपंथियों और अलगाववादियों को स्वतंत्रता के नाम पर अपनी गतिविधियों को जारी रखने के लिए जगह दी। विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने राज्यसभा में पूछे गए एक प्रश्न के लिखित उत्तर में यह बात कही। सरकार से 1985 के कनिष्क बम विस्फोट के लिए जिम्मेदार लोगों की जांच और अभियोजन के संबंध में कनाडा सरकार और अन्य भागीदारों के साथ भारत की भागीदारी की वर्तमान स्थिति और उसके विवरण के बारे में पूछा गया था। सवाल का जवाब देते हुए विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने कहा, एआई-182 कनिष्क बम विस्फोट की योजना और क्रियान्वयन कनाडा में किया गया था।

# कर्मचारियों को नौकरी से निकालने की योजना पर रोक

**वाशिंगटन।** अमेरिका में संघीय कर्मचारियों को बड़े पैमाने पर नौकरी से निकालने की एलन मस्क की योजना पर एक संघीय अदालत के जज ने फिलहाल रोक लगा दी है। मैसाच्युसेट्स के एक न्यायाधीश ने यह रोक लगाई है। मस्क की योजना की समयसीमा गुरुवार को खत्म हो गई, लेकिन अब अदालत ने इसे सोमवार तक बढ़ा दिया है। उल्लेखनीय है कि एलन मस्क, डोनाल्ड ट्रंप की सरकार में सरकारी दक्षता विभाग नामक स्वतंत्र इकाई के प्रभारी हैं।



इस विभाग को सरकार के खर्चों को नियंत्रित करने की जिम्मेदारी दी गई है। एलन मस्क के सरकारी दक्षता विभाग ने बड़ी संख्या में सरकारी कर्मचारियों को नौकरी से निकालने के लिए एक योजना पेश की थी, जिसमें कर्मचारियों को इस्तीफा देने के बदले आठ महीने का वेतन समेत कई अन्य सुविधाएं देने का एलान किया गया है। मस्क ने कहा है कि या तो कर्मचारी योजना का फायदा उठाकर नौकरी से रिटायर हो जाएं या फिर उन्हें भविष्य में नौकरी से निकाला जा सकता है।

सरकार की इस योजना के खिलाफ अमेरिका के श्रमिक संघों ने अदालत का रुख किया। जहां मैसाच्युसेट्स की संघीय अदालत के जज जॉर्ज ओ टूल ने योजना पर रोक लगा दी है और मामले की सुनवाई करने का फैसला किया है। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट का कहना है कि अब तक रिटायरमेंट स्कीम का फायदा उठाते हुए 40 हजार से ज्यादा कर्मचारियों ने इस्तीफा देने का फैसला किया है। श्रमिक संघ और डेमोक्रेट सांसद इस योजना का विरोध कर रहे हैं और उन्होंने योजना की वैधता को चुनौती दी है। नौकरी से हटाए जाने के चलते अमेरिकी सरकार के कई विभागों का कामकाज बुरी तरह से बाधित हो गया है।

# ट्रंप ने अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय पर लगाया प्रतिबंध

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गुरुवार को अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय पर प्रतिबंध लगाने के कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए।



ट्रंप प्रशासन ने इस्राइल और इस्राइली पीएम को निशाना बनाकर की गई कार्रवाई के विरोध में यह प्रतिबंध लगाया है। आदेश में कहा गया है कि हेग स्थित अदालत ने इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी करके अपनी शक्ति का दुरुपयोग किया।ट्रंप द्वारा हस्ताक्षरित कार्यकारी आदेश में ये भी कहा गया है कि न्यायाधिकरण ने अमेरिका और इसके करीबी सहयोगी इस्राइल को निशाना बनाकर अवैध और निराधार कार्रवाई की है।

आदेश में आईसीसी द्वारा अफगानिस्तान में अमेरिकी सेवा सदस्यों, गाजा में इस्राइली सैनिकों द्वारा किए गए कथित अपराधों की जांच करने पर भी नाराजगी जाहिर की है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय के अधिकारियों, कर्मचारियों और उनके परिवार के सदस्यों के साथ-साथ न्यायालय की जांच में मदद करने वाले लोगों की भी संपत्ति जब्त करने और यात्रा प्रतिबंध लगाने का भी आदेश दिया।

डोनाल्ड ट्रंप ने अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय पर प्रतिबंध के आदेश पर ऐसे समय हस्ताक्षर किए हैं, जब मंगलवार को ही ट्रंप ने इस्राइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू से व्हाइट हाउस में मुलाकात की थी। जिसमें ट्रंप ने गाजा पर अमेरिका के नियंत्रण में लेने की इच्छा जाहिर की थी और गाजा से विस्थापित हुए लोगों को गाजा से बाहर ही बसाने का सुझाव दिया था। गौरतलब है कि न तो अमेरिका और न ही इस्राइल, आईसीसी के सदस्य हैं। आईसीसी ने बीते साल 21 नवंबर को इस्राइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू, पूर्व रक्षा मंत्री योआव गैलेंट और हमास के सैन्य प्रमुख मोहम्मद दइफ को गाजा में युद्ध अपराध का दोषी ठहराते हुए गिरफ्तारी वारंट जारी किया था।

अपने पहले कार्यकाल के दौरान भी ट्रंप ने साल 2020 में के कई वरिष्ठ अधिकारियों और कर्मचारियों पर वित्तीय प्रतिबंध और वीजा प्रतिबंध लगाया था। यह प्रतिबंध अफगानिस्तान में अमेरिकी सैनिकों के खिलाफ युद्ध अपराध की के आरोपों की जांच के विरोध में लगाया गया था। जब 2021 में बाइडन ने अमेरिकी राष्ट्रपति का पद संभाला तो उन्होंने आईसीसी पर लगे प्रतिबंधों को हटा दिया था।

## इस्राइलियों को ट्रंप प्रशासन से समर्थन की उम्मीद

**नई दिल्ली।** वेस्ट बैंक में यहूदी जनसंख्या में पिछले साल इस्राइल की आम आबादी की तुलना में दोगुनी दर से वृद्धि हुई। एक हित समूह ने यह जानकारी दी। इस समूह को उम्मीद है कि ट्रंप प्रशासन उन नीतियों का समर्थन करेगा, जो कब्जे वाले क्षेत्र में बस्तियों के विस्तार को तेज करने में मदद करें। वेस्ट बैंक यहूदी जनसंख्या आंकड़े की ओर से प्रकाशित एक रिपोर्ट में बताया गया कि वेस्ट बैंक में बसने वाले यहूदियों की आबादी में पिछले वर्ष करीब 2.3 फीसदी की वृद्धि हुई और अब यह संख्या 5,29,450 तक पहुंच गई है। 2023 में यह 2.3 फीसदी की वृद्धि दर से थोड़ी सी कम थी, लेकिन यह इस्राइल के अंदर जनसंख्या वृद्धि दर से 1.1 फीसदी से करीब दोगुनी थी। आंकड़े प्रकाशित करने वाले समूह के निदेशक बारूक गॉर्डन ने मंगलवार को कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन के तहत वेस्ट बैंक में बसने वाले यहूदियों की संख्या बहुत अधिक बढ़ सकती है।

# मैं लोकतंत्र को लेकर बेहद आशावान: जयशंकर

**नई दिल्ली।** भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर म्यूनिख सिक्योरिटी कांफ्रेंस की एक बैठक में शामिल हुए। बैठक में विदेश मंत्री ने भारत और दुनिया में लोकतंत्र की अहमियत पर बात की और कहा कि लोकतंत्र ने दुनिया को बहुत कुछ दिया है।



म्यूनिख सिक्योरिटी कॉन्फ्रेंस में लोकतंत्र विषय पर आयोजित एक बैठक में विदेश मंत्री एस जयशंकर, नॉर्वे की प्रधानमंत्री और अमेरिकी सीनेटर एलिसा स्लॉटकिन और वारसा के मेयर रफाल ट्रासकोव्सक बतौर पैनलिस्ट शामिल हुए। बैठक में कुछ पैनलिस्ट ने कहा कि दुनिया में लोकतंत्र का भविष्य खतरे में है। हालांकि भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने इस दावे को खारिज कर दिया और कहा कि श्मैं लोकतंत्र को लेकर आशावान हूं। मैं अभी अपने राज्य के चुनाव में हिस्सा लेकर आया हूं। बीते साल हमारे देश में राष्ट्रीय चुनाव हुए और कुल मतदाताओं में से करीब दो तिहाई ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

इस दौरान डॉ. जयशंकर ने मतदान के दौरान अपनी ऊंगली पर लगी स्याही दिखाई। डॉ. एस जयशंकर ने कहा कि श्चुनाव के नतीजों को लेकर कोई मतभेद नहीं है और मतदान शुरू होने के बाद से अब 20 फीसदी अधिक मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर रहे हैं। जयशंकर ने कहा कि श्जो कहा जा रहा है कि दुनियाभर में लोकतंत्र खतरे में है, लेकिन मेरा ऐसा मानना नहीं है। लोकतंत्र अच्छे से काम कर रहा है और लोकतंत्र ने दुनिया को बहुत कुछ दिया है।श् उन्होंने माना कि लोकतंत्र के लिए चुनौतियां भी हैं और अलग-अलग देशों में हालात अलग हैं, लेकिन कई देशों में लोकतंत्र अच्छे से काम कर रहा है। भारतीय विदेश मंत्री ने कहा कि भारत ने आजादी के बाद ही लोकतंत्र के मॉडल को अपनाया।

पश्चिम के देश मानते हैं कि लोकतंत्र उनकी देन हैं, लेकिन वैश्विक दक्षिण के देश मानते हैं कि भारतीय समाज में लोकतंत्र अन्य देशों के मुकाबले ज्यादा गहरे तक बैठा हुआ है। भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने म्यूनिख में सुरक्षा सम्मेलन से इतर यूक्रेन के विदेश मंत्री आंद्रेई सिबिहा से मुलाकात की और रूस-यूक्रेन युद्ध को लेकर चर्चा की। डॉ. जयशंकर ने जर्मनी के रक्षा मंत्री बोरिस पिस्टोरियस समेत कई वैश्विक नेताओं से मुलाकात की।

# हमास ने तीन इस्राइली बंधकों को किया रिहा

**यरुशलम।** इस्राइल और हमास के बीच जारी युद्ध विराम समझौते में हाल के दिनों में बिगड़ते हालात और एक बार फिर युद्ध शुरू होने के आशंका के बीच हमास ने तीन और इस्राइली बंधकों को रिहा कर दिया। हालांकि इसके बदले अब इस्राइल ने भी कुल 369 फलस्तीनी कैदियों को रिहा किया है।



बता दें कि 15 महीने से ज्यादा समय तक चले इस भीषण संघर्ष में हजारों लोगों की जान चली गई। वहीं लाखों लोगों अपना घर छोड़कर भागना पड़ा, जिसके बाद मिस्र, कतर, साऊदी अरब और अमेरिका जैसे कई देशों के प्रयास के बाद चार सप्ताह पहले यानी 19 जनवरी को युद्ध विराम समझौता शुरू हुआ। जहां हाल के दिनों में कुछ विवादों के कारण यह खतरे में पड़ गया था, जिससे लड़ाई फिर से शुरू होने का डर था। हमास के अनुसार, 7 अक्टूबर 2023 को हुए हमले के दौरान इन तीन इस्राइली नागरिकों को अगवा किया गया था। हमास ने बताया कि शनिवार को 369 फलस्तीनी कैदियों को इस्राइल की जेलों से रिहा किया जाएगा, जिनमें से 36 कैदी आजीवन कारावास की सजा काट रहे हैं। युद्धविराम के पहले चरण में 21 बंधकों और 730 से ज्यादा फलस्तीनी कैदियों को रिहा किया जा चुका है।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के गाजा से 2 मिलियन से अधिक फलस्तीनियों को हटाने के प्रस्ताव ने इस युद्धविराम के भविष्य को और भी संदेहास्पद बना दिया। हालांकि, हमास ने गुरुवार को कहा कि वह और अधिक बंधकों की रिहाई के लिए बातचीत करेगा। जारी युद्धविराम समझौते के बीच हमास तीन इस्राइली बंधकों को रिहा करने जा रहा है।

इनमें हॉर्न, डेकेल चेन और अलेक्जेंडर ट्रोफानोव शामिल हैं, जिन्हें 7 अक्तूबर को गाजा में हुए हमले के दौरान किबुत्ज नीर ओज से अगवा किया गया था। उस समय करीब 400 निवासियों में से 80 को बंधक बना लिया गया था। बता दें कि हॉर्न और उसके भाई ईटन हॉर्न को अगवा किया गया था। हालांकि, ईटन अभी भी कैद में हैं। डेकेल चेन उस समय बाहर काम कर रहे थे, जब हमलावरों ने किबुत्ज पर हमला किया। उनकी पत्नी और दो बेटियां सुरक्षित कमरे में छिप गईं थीं।

## स्वीडन स्कूल हमले में 11 लोगों की मौत

**स्वीडन।** देश के ओरेब्रो शहर में एक स्कूल पर हुई गोलीबारी की वारदात में 11 लोगों की मौत हो गई है। स्वीडिश पुलिस ने इसकी पुष्टि की है। हालांकि पुलिस को अभी यह पता नहीं चल पाया है कि गोलीबारी में कितने लोग घायल हुए हैं। स्थानीय पुलिस प्रमुख रॉबर्टो एड फोरेस्ट ने प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि जांचकर्ता गोलीबारी के बारे में और जानकारियां जुटा रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह स्पष्ट नहीं है कि गोलीबारी स्कूल के अंदर हुई या क्या और भी हमलावर इसमें शामिल थे। घटनास्थल से सामने आए वीडियो में बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी और अन्य आपात कालीन वाहन देख जा सकते हैं। इसके अलावा छात्रों को पास की इमारतों में शरण लेते हुए भी देखा गया। गोलीबारी के बाद स्कूल के अन्य हिस्सों को खाली करा दिया गया।

# एच-1बी वीजा के लिए आवेदन की तारीख का एलान

**वाशिंगटन।** अमेरिकी नागरिकता और आव्रजन सेवा विभाग ने साल 2026 के लिए एच-1बी वीजा के लिए आवेदन की तारीखों का एलान कर दिया है। इस एलान के मुताबिक 7 मार्च से लेकर 24 मार्च तक आवेदन किया जा सकेगा। गौरतलब है कि एच-1बी वीजा के सबसे ज्यादा लाभार्थियों में भारतीय भी शामिल हैं। एच-1बी वीजा एक अप्रवासी वीजा है, जो अमेरिकी कंपनियों को विदेशी कुशल कर्मचारियों को नियुक्त करने की सुविधा देता है।




इस वीजा के जरिए अमेरिकी तकनीकी कंपनियां हर साल भारत, चीन आदि देशों के हजारों कुशल कर्मचारियों को अपने यहां नौकरी पर रखती हैं। यूएससीआईएस ने बताया कि आवेदनकर्ता को यूएससीआईएस की वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन करना होगा। आवेदन की फीस 215 डॉलर होगी। एच-1बी वीजा के सबसे बड़े लाभार्थियों में भारतीय शामिल हैं।

एच-1बी वीजा के जरिए हर साल करीब साढ़े छह लाख विदेशी कुशल कर्मचारियों को अमेरिका में काम करने की मंजूरी दी जाती है। अमेरिकी आव्रजन विभाग ने कहा कि आवेदनकर्ताओं का चुनाव में धोखाधड़ी को कम करने के आवेदन प्रक्रिया में कुछ प्रावधान किए गए हैं। एच-1बी वीजा नॉन इमीग्रेंट वीजा प्रोग्राम के तहत विशेष क्षेत्रों में विदेशी कर्मचारियों को अस्थायी तौर पर नियुक्त करने की सुविधा देता है। इसके लिए कर्मचारी के पास क्षेत्र विशेष की विशेषज्ञता और शैक्षिक योग्यता होनी चाहिए।

अमेरिका के होमलैंड सिक्योरिटी विभाग की तरफसे 17 जनवरी 2025 को एच-1बी वीजा के नियम लागू किए गए थे। एच-1बी वीजा की शुरुआत 1990 में हुई थी। अमेरिकी राजनीति में भी एच-1बी वीजा का मुद्दा गरम है। दरअसल कई ट्रंप समर्थक नेता एच-1बी वीजा पर रोक की मांग कर चुके हैं, जबकि ट्रंप समर्थक एलन मस्क, विवेक रामास्वामी समेत कई अहम नेता इसके समर्थक हैं। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप खुद एच-1बी वीजा का समर्थन कर चुके हैं।

# त्योहार को लेकर सीओ ने की बैठक

**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**मांट।** तहसील क्षेत्र के अंतर्गत पानीगांव पुलिस चौकी में आगामी त्योहारों एवं होली पर्व को लेकर क्षेत्रीय ग्रामीणों के साथ एसडीएम मांट अभिनव जे जैन और पुलिस के आलाधिकारियों ने बैठक आयोजित की जिसमें सीओ सदर और एसडीएम मांट अभिनव जे जैन ने सभी क्षेत्रीय लोगों से होली पर शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की।



वहीं आगामी त्योहारों को मद्देनजर रखते हुए एसडीएम मांट ने पानीगांव के चौकी प्रभारी कपिल कुमार वशिष्ठ को निर्देश दिया कि तेज आवाज में डीजे नहीं बजने पाए और अश्लील गानों पर रोक लगाई जाए उन्होंने चौकी प्रभारी को आदेश दिया कि जल्द ही क्षेत्र के सभी डीजे साउण्ड वालों को नोटिस देकर उन्हें बताया जाए कि डीजे साउण्ड पर अश्लील गाने नहीं बजाए। जिससे कि लोगों की भावनाओं को ठेस न पहुंचे। इस दौरान बैठक में पानीगांव, भूतिया, झझर, ऐठपुरा कल्याणपुर, और नगला जामुन के लोग शामिल रहे जहां ग्रामीणों ने एसडीएम अभिनव जे जैन के सामने अपनी समस्याओं को रखा।

## आतंकियों ने पुलिस पर हमला किया

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में असॉल्ट राइफलों से लैस आतंकवादियों के एक समूह ने एक पुलिस चेक पोस्ट पर हमला कर दिया। इसमें तीन अधिकारियों की मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि बृहस्पतिवार तड़के अज्ञात आतंकवादियों ने करक जिले के बहादुर खेल इलाके में स्थित चौकी पर चारों तरफ से गोलीबारी की। मौके पर मौजूद सुरक्षाकर्मियों ने भी जवाबी कार्रवाई की, जो दो घंटे तक चली। इसके बाद आतंकवादी भाग गए। आतंकवादियों की तलाश शुरू कर दी गई है।

# लोकतंत्र को लेकर जेडी वेंस के बयान पर बवाल

**टोक्यो।** जर्मनी के शर्ष नेताओं ने म्यूनिख में अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस की यूरोप में लोकतंत्र की स्थिति पर की गई आलोचना का कड़ा विरोध किया है। जर्मनी के रक्षा मंत्री बोरिस पिस्टोरियस और चांसलर ओलाफशोल्ज ने वेंस की टिप्पणियों को अस्वीकार्य बताते हुए खारिज कर दिया है।



म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन के दौरान वेंस ने कहा था कि यूरोप में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता कमजोर हो रही है। साथ ही उन्होंने कहा था कि यूरोपीय सरकार को इस बात का डर है कि जैसे सोवियत यूनियन के समय में झूठी जानकारी और दुष्प्रचार होता था, वैसे ही यूरोप में भी ऐसा हो सकता है। वेंस के बयान पर जवाब देते हुए पिस्टोरियस ने आगे कहा कि यूरोप का लोकतंत्र सत्तावादी सरकारों से बिल्कुल अलग है और वह इस तरह की तुलना को गलत मानते हैं। उन्होंने कहा कि यूरोपीय लोकतंत्रों में हर किसी की आवाज का सम्मान होता है। साथ ही पिस्टोरियस ने कहा कि यहां दूर-दराज पार्टी की आलोचना करने के बावजूद, किसी भी पार्टी को प्रचार करने का पूरा-पूरा अधिकार है।

अमेरिकी उपराष्ट्रपति वेंस ने कहा था कि लोकतंत्र में लोगों की राय महत्वपूर्ण होती है, लेकिन जर्मनी में मुख्य पार्टीज अफडी जैसे दाएं-पक्ष की, आव्रजन विरोधी पार्टी के साथ किसी भी गठबंधन को नहीं स्वीकार करती हैं। इसे वे फायर वॉल यानी एक तरह की दीवार मानते हैं। वेंस ने इस पर आलोचना की।

हालांकि वेंस की इस आलोचना पर जर्मनी के नेताओं का कहना है कि यह कदम जर्मन लोकतंत्र की रक्षा के लिए उठाए गए है। पिस्टोरियस के जवाब के साथ ही जर्मन चांसलर शोल्ज ने भी वेंस की टिप्पणियों को खारिज किया। उन्होंने कहा कि नाजीवाद के अनुभव के कारण जर्मनी में लोकतांत्रिक दलों का एक संयुक्त रुख है, जो चरमपंथी दलों के खिलाफ एक सुरक्षा दीवार का काम करता है। इतना ही नहीं वेंस की टिप्पणी पर नॉर्वे के प्रधानमंत्री जोनास गहर स्टोरे ने भी सवाल उठाए।

स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक अजरा परवीन द्वारा वेदवीर प्रिन्टर्स, विद्यापीठ पुरम् सिविल लाइन, बदायूं से मुद्रित एवं कार्यालय अमर भास्कर निकट रीजेन्सी होटल लावेला चौक, बदायूं (उ.प्र.) से प्रकाशित। **संपादकः अबरार अहमद** (इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन हेतु पी.आर.बी. की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी)। समस्त विवाद बदायूं न्यायालय के अधीन होगें। मोबाइल नं. 9411214614, ई-मेल: amarbhashkar21@gmail.com, RNI No.:- UPHIN/2021/82941

# एमटीसीए कॉन्वेंट स्कूल के वार्षिक उत्सव पर मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम आयोजित

**चेयरपर्सन पति मौहम्मद जैद रशीद, समाजसेवी डॉक्टर शशांक गौतम, हाफिज अतहर हसन, कपिल शर्मा, डॉक्टर एनपी सिंह, रिटायर्ड एएसपी डीके शर्मा को किया गया सम्मानित**











**अमर भास्कर ब्यूरो**

**नहटौर।** नगर स्थित एमटीसीए कान्वेंट स्कूल में मेरी माटी मेरा देश थीम के साथ वार्षिक उत्सव व सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया।

शनिवार को विद्यालय के वार्षिक समारोह में पहुंचने पर स्कूल प्रबंधन तंत्र की ओर से मुख्य अतिथियों का फूल मालाओं के साथ भव्य स्वागत किया गया। वही हर वर्ष भांति क्रीडा, रंगोली, भाषण, निबंध, कला आदि गतिविधियों में उत्कर्ष प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को शील्ड व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में बच्चों ने सरस्वती वंदना, बच्चे मन के सच्चे, स्कूल चलें हम, पंजाबी डांस, राजस्थानी डांस नृत्य नाटिका वृद्धाश्रम, जय जवान जय किसान, शहीद भक्त सिंह आदि मनमोहक प्रस्तुति दी। जिन्होंने अभिभावकों व उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया। मुख्य अतिथि डॉ.एनपी सिंह ने बच्चों को शिक्षा के संस्कार भी देने की अपील की। उन्होंने कहा कि संस्कार विहीन शिक्षा केवल अहंकार को जन्म देती है और अंहकार सदैव घातक होता है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रिटायर्ड एएसपी डीके शर्मा ने इस भव्य आयोजन के लिए स्कूल प्रबंध तंत्र को अपनी ओर से बधाई देते हुए स्कूली छात्र-छात्राओं को आशीर्वाद प्रदान किया। कार्यक्रम में विद्यालय की वार्षिक प्रगति का रिपोर्ट कार्ड प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में एनपी सिंह, नहटौर ब्लॉक प्रमुख राकेश चौधरी, आफताब सिद्दीकी, इमरान सिद्दीकी, जीजीआईसी की प्रधानाचार्य बबीता रानी, एसजीएल स्कूल के एमडी





तिलकराज सैनी, नहटौर भाजपा मंडल अध्यक्ष वैभव गोयल, अनिल चौधरी, नगर के प्रमुख समाजसेवी डॉ.शशांक गौतम, अल अजहर एजुकेशनल ट्रस्ट के चेयरमैन हाफिज अतहर हसन आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे। भव्य कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पालिका परिषद चेयरपर्सन पति मौहम्मद जैद रशीद तथा शानदार संचालन प्रसिद्ध एनाउंसर अनवर सिद्दीकी ने किया।

# डीएम व एसपी ने किया कांवड़ यात्रा मार्गो का निरीक्षण




**अमर भास्कर ब्यूरो**

**बिजनौर/धामपुर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर द्वारा पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा के साथ महाशिवरात्रि के अवसर पर संपन्न होने वाली कावड़ यात्रा को सुगम, सुरक्षित और शांतिपूर्वक संपन्न करने के लिए विभिन्न सड़कों एवं चौराहा का स्थलीय निरीक्षण किया गया।

इस अवसर पर निरीक्षण के दौरान जिला अधिकारी जसजीत कौर पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा के साथ ही एसपी पूर्वी धर्म सिंह मार्छाल,सीओ पुलिस धामपुर सर्वम

**मार्गो को गड्ढा मुक्त बनाने के निर्देश के साथ ही अस्थाई पुल का किया निरीक्षण**

सिंह के अलावा संबंधित विभागीय अधिकारी एवं पुलिस अधिकारी मौजूद रहे। डीएम कौर द्वारा निरीक्षण के दौरान धामपुर चौराहा, बाईपास, हरेवली तिराहा, नंदगांव में बनाए जाने वाले अस्थाई पुल, अफजलगढ़ तथा हरेवाली - नंदगांव मार्ग का निरीक्षण किया गया। उन्होंने हरेवली-नंदगांव मार्ग के क्षतिग्रस्त पाए जाने पर संबंधित अधिशासी अभियंता को निर्देशित किया कि तत्काल उक्त मार्ग की मरम्मत करना सुनिश्चित करें और सड़क पर कोई भी गड्ढा बिना मरम्मत के न रहने पाए। अधिकारियों ने नंदगांव स्थित अस्थाई पुल का निरीक्षण करते हुए निर्देशित किया कि पुल की नियमित रूप से निगरानी करते रहें और यदि किसी भी स्तर पर पुल का क्षतिग्रस्त होना प्रकाश में आता है, तो तत्काल उसकी समुचित मरम्मत करना सुनिश्चित करें, ताकि किसी भी प्रकार की कोई भी अप्रिय घटना घटित न होने पाए।

# जनपद बिजनौर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 8 मार्च को

**अमर भास्कर ब्यूरो**

**बिजनौर।** राष्ट्रीय एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के दिशा-निर्देशों के अनुपालन में जनपद न्यायाधीश मदन पाल सिंह के मार्गदर्शन में 8 मार्च 2025 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत की भव्य सफलता हेतु जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बिजनौर के विश्राम कक्ष में समस्त न्यायिक मजिस्ट्रेट की एक बैठक आहूत की गयी। बैठक में उपस्थित सभी न्यायिक अधिकारीगण को जनपद न्यायाधीश द्वारा राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों का चयन कर उनका निस्तारण करने हेतु दिशा निर्देश दिए। साथ ही चिन्हित वादों में नोटिसों की तामिल कम से कम दो बार कराए जाने पर विशेष जोर दिया गया। 8 मार्च को राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाली आगामी राष्ट्रीय लोक



अदालत में शमनीय अपराधिक वाद, धारा 138 एनआईएक्ट वाद, मोटर एक्सीडेंट क्लेम वाद, श्रम वाद, बैंक वसूली वाद, विधुत अधिनियम वाद, राजस्व वाद व सिविल वाद एवं मोटर वाहन ई चालान, लघु आपराधिक वाद का निस्तारण किया जायेगा। साथ ही प्री लिटिगेशन के माध्यम से पारिवारिक वादों का भी निस्तारण किया जायेगा। उक्त बैठक में नोडलअधिकारी/ अपर जनपद न्यायाधीश राष्ट्रीय लोक अदालत श्री अवधेश कुमार, अपर जनपद न्यायाधीश स्पेशल जज ईसी एक्ट रामलाल, सचिव/अपर जनपद न्यायाधीश जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बिजनौर श्रेय शुक्ला एवं समस्त न्यायिक मजिस्ट्रेट उपस्थित रहें।

# एसडीएम नगीना मांगेराम चौहान बने डिप्टी कमिश्नर



**अमर भास्कर ब्यूरो**

**नगीना।** एसडीएम मांगेराम चौहान की डिप्टी कमिश्नर आवास के पद पर पदोन्नति हो जाने पर उनके चहेतों में हर्ष की लहर दौड़ी हुई है , उत्तर प्रदेश शासन ने उन्हें आवास विकास प्राधिकरण में उप आयुक्त के पद पर पदोन्नति कर लखनऊ भेजा है।

नगीना एसडीएम मांगेराम चौहान ने 5 नवंबर 2024 को नगीना एसडीएम के रूप में चार्ज संभाला था। एसडीएम मांगेराम चैहान ने बड़े कम समय में ही अपने मधुर व्यवहार और सराहनीय कार्यो से नगीना की जनता का दिल जीत लिया और अपने कार्यो के कारण देखते ही देखते क्षेत्र के लोगों के बीच पर्यावरण प्रेमी के रुप में लोकप्रिय हो गए। एसडीएम मांगेराम चोहान की डिप्टी कमिश्नर के पद पर पदोन्नति होने से उनके शुभचिंतकों में हर्ष व्याप्त है। उन्हें पदोन्नति के बाद पहली नियुक्ति आवास विकाश प्राधिकरण उप आयुक्त लखनऊ में की गई है। उनकी पदोन्नति दैनिक अमर भास्कर समाचार पत्र के उप संपादक जहांगीर भारती, नगीना नगर प्रभारी शेख फिरोज, भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष कृष्ण बलदेव, प्रमोद चौहान, सचिन शर्मा, सौरभ मित्तल, लवि मित्तल, तहसीलदार प्रभा सिंह, नायब तहसीलदार अजब सिंह व राजकुमार सिंह, कानूनगो नरेंद्र सिंह सहित तहसील के समस्त स्टाफ ने उनके कार्यालय पहुंचकर बधाई दी।

# डीएम जसजीत कौर के निर्देशन में आयोजित किया गया बार एसोसिएशन द्वारा योग प्राकृतिक चिकित्सा आयुर्वेदिक कैंप

**अमर भास्कर ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिला बार अध्यक्ष यशपाल सिंह द्वारा बार एसोसिएशन में योग प्राकृतिक चिकित्सा आयुर्वेद का कैंप का आयोजन बार एसोसिएशन के अध्यक्ष यशपाल एवं महामंत्री विशाल अग्रवाल पूर्व अध्यक्ष एस के बबली एवं पूर्व अध्यक्ष एवं मंत्री बार एसोसिएशन के द्वारा योगासन प्राणायाम आयुर्वेद प्राकृतिक चिकित्सा शिविर का आयोजन कराया गया ।

जिसमें जिला अधिकारी बिजनौर जसजीत कौर के निर्देशन में डॉक्टर राकेश कुमार राजकीय क्षेत्रीय आयुर्वेदिक यूनानी अधिकारी एवं डॉक्टर शैलेंद्र के द्वारा आयुर्वेदिक औषधियो का वितरण कराया गया। इंटरनेशनल नेचुरोपैथी आर्गेनाइजेशन इकाई जनपद बिजनौर प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ नरेंद्र सिंह संरक्षक डॉक्टर सुनील राजपूत जिला अध्यक्ष ओपी शर्मा संरक्षक एस के बबली संरक्षक वैद्य अजय गर्ग संरक्षक देवेंद्र चौहान



संरक्षक रामसिंह पाल महामंत्री सुरेंद्र पाल सिंह महामंत्री राकेश कुमार मंत्री सोमदत्त शर्मा उपाध्यक्ष रामनाथ सिंह उपाध्यक्ष रामनाथ सिंह उपाध्यक्ष प्रभोध रंजन सलाहकार डॉक्टर गजेंद्र कुमार शर्मा सलाहकार एडवोकेट सुरेश कुमार कश्यप संरक्षक कृष्ण कुमार उपाध्यक्ष डॉक्टर लीना तोमर एवं उनके सहयोगी अभिचल तोमर संयुक्त सचिव डॉक्टर सुखराम सिंह चांदपुर नगर टीम से नगर अध्यक्ष डॉक्टर कुमार सैन गौतम संरक्षक डॉ राम प्रकाश शर्मा चाहल क्लीनिक से डॉ सुशील चौधरी आयुर्वेदाचार्य प्राकृतिक चिकित्सक द्वारा रोगियों का एक्यूप्रेशर के माध्यम से मसाज के माध्यम से मिट्टी पानी धूप हवा प्राणायाम के द्वारा रोगों को ठीक करने के उपाय बताए गए एवं उपचार किया गया। ओ पी शर्मा डॉक्टर राजेंद्र कुमार शर्मा प्रभोध रंजन सुखराम राकेश कुमार द्वारा बॉडी एनालाइजर मशीन से फुल बॉडी चैकअप किया गया चरक पैथोलॉजी लैब से डॉक्टर योगेंद्र कुमार एवं उनकी टीम के द्वारा रक्त परीक्षण किया गया शिविर में लगभग 255 अधिवक्ताओं ने उपचार कराया कार्यक्रम में इंटरनेशनल नेचुरोपैथी आर्गेनाइजेशन के द्वारा फलाहार एवं अंकुरित आहार वितरण किया गया। कार्यक्रम के अंत में बार एसोसिएशन के वर्तमान एवं पूर्व अध्यक्ष महामंत्रियों के द्वारा सभी चिकित्सको को जलपान एवं नाश्ता कराया गया तथा बार एसोसिएशन के सभी वर्तमान एवं पूर्व अध्यक्ष महामंत्रियों द्वारा निशुल्क चिकित्सा कैंप लगाने के लिए हार्दिक धन्यवाद दिया गया संगठन की ओर से सभी अध्यक्ष महामंत्रियों का फूल मालाओं से स्वागत किया गया।

# सपा ने मेमन सादात में आयोजित किया पीडीए कार्यक्रम







**अमर भास्कर ब्यूरो**

**नगीना।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पीडीए जननायक अखिलेश यादव के निर्देश पर विधानसभा क्षेत्र 18 नगीना के ग्राम मेमन सादात में पीडीए चर्चा कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप में समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष शेख जाकिर हुसैन उपस्थित रहें। ग्राम मेमन सादात में समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष शेख जाकिर हुसैन एवं विधायक नगीना (पूर्व मंत्री) उत्तर प्रदेश सरकार मनोज पारस के पहुंचने पर सभी ग्राम वासियों की ओर से फूल माला पहनाकर भव्य स्वागत किया।कार्यक्रम की अध्यक्षता नजर हसन पूर्व ग्राम प्रधान मेमन सादात एवं संचालन डॉक्टर शाहिद जौनी ने किया। कार्यक्रम में सभी वक्ताओं ने पी-डी-ए पर अपने-अपने विचार रखें। कार्यक्रम में नगीना विधायक (पूर्व मंत्री)

**सर्व समाज के सम्मान की लड़ाई लड़ रहे हैं अखिलेश यादवः विधायक मनोज पारस**

**सर्वसमाज हो रहा है एकजुट, सीएम बनेंगे अखिलेश भैय्याः जिलाध्यक्ष शेख जाकिर हुसैन**

उ0प्र0 मनोज पारस ने संबोधित करते हुए कहा की पूरे प्रदेश में अखिलेश यादव सर्व समाज को उनके अधिकार और सम्मान दिलाने के लिए भाजपा की नीतियों के खिलाफ लड़ रहे हैं। हम सभी को नफ़रत की राजनीति से हटकर एकजुट होकर निरंकुश सरकार के जुल्मों के खिलाफ आवाज उठानी पड़ेगी और आने वाले 2027 के चुनाव में समाजवादी पार्टी की सरकार बनानी पड़ेगी तभी प्रदेश में लोकतंत्र और खुशहाली बहाल हो पाएगी। उसके उपरांत विधायक नगीना पूर्व मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार मनोज पारस एवं समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष शेख जाकिर हुसैन साहब ने गांव मेमन सादात मे कब्रिस्तान से करबला गेट तक की सीसी रोड का नवनिर्माण अपनी विधायक निधि से पूर्ण कराकर उसका फीता काटकर लोकार्पण किया। इस मौके विधानसभाध्यक्ष नगीना समाजवादी पार्टी शेख मौहम्मद जाहिद साहब, इसरार जैदी, डॉक्टर ए रहमान अहसास, नवाब मंसूरी जिला अध्यक्ष समाजवादी पार्टी यूथ ब्रिगेड, जयप्रकाश चंदेल प्रदेश सचिव समाजवादी पार्टी बाबा साहब अंबेडकर वाहिनी भूरे सिंह प्रदेश सचिव एससी एसटी प्रकोष्ठ समाजवादी पार्टी, ज्ञानेश्वर राजपूत उर्फ नीटू भाई पूर्व ग्राम प्रधान शाहपुर सुक्खा, गजेंद्र सिंह भंडारी पूर्व जिला पंचायत सदस्य, चौधरी शुभम कुमार, चौधरी दीपक कुमार, मेहंदी बक्शी,अफजाल हुसैन, डॉक्टर अथर, डॉक्टर मरगूब, हाजी आसिफ, अब्बास हुसैन, अबरार हुसैन पूर्व ग्राम प्रधान खटाई, खलील सलमानी, मुशहिद हुसैन, हसन अब्बास, असद अब्बास, अफजाल हैदर, अहसान साहब उर्फ छोटा भाई, इनाम भाई जी, बन्टी भाई रियाजुल हसन, एंव बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद रहे।



## मेरे पैरेंट्स पूरी कोशिश कर रहे हैं, लेकिन...तलाक के 9 साल बाद दूसरी शादी को तैयार

# रश्मि देसाई



रश्मि देसाई टेलीविजन इंडस्ट्री का बड़ा नाम है, उन्होंने कई सारे बेहतरीन सीरियल में भी काम किया है. रश्मि ने साल 2006 में 'रावण' से अपने करियर की शुरुआत की थी, जिसके बाद उन्होंने 'परी हूं मैं', 'उतरन' जैसे सीरियल में काम किया. हाल ही में एक्ट्रेस ने अपनी लाइफ के दूसरे पहलुओं के बारे में खुलकर बात की. उन्होंने अपनी शादी के बारे में बात करते हुए कहा कि वो मानती हैं कि कोई सही शख्स उनकी जिंदगी में सही वक्त पर आएगा. हालांकि, इसके साथ उन्होंने ये भी माना कि उनके पैरेंट्स उनके लिए जीवनसाथी की तलाश कर रहे हैं.रश्मि देसाई का नाम कई सितारों के साथ भी जोड़ा गया था, जिसमें से उन्होंने कुछ के लिए हामी भी भरी थी. हालांकि, रश्मि अपनी लव लाइफ को लेकर थोड़ी अनलकी रही हैं. साल 2011 में उन्होंने नंदीश संधू के साथ शादी रचाई थी, हालांकि 4 साल के बाद ही दोनों अलग भी हो गए थे. हाल ही में आईएएनएस से बातचीत के दौरान एक्ट्रेस ने बताया कि उनके माता-पिता जोरों-शोरो से उनके लिए साथी की तलाश में जुटे हुए हैं.

### शो में पता चला साथ में हुआ था धोखा

एक्ट्रेस ने खुद के बारे में कहा, मेरे पैरेंट्स पूरी कोशिश कर रहे हैं, लेकिन सच बताऊं तो मुझे इस बात का भरोसा है कि कोई सही शख्स सही वक्त पर मेरी जिंदगी में आएगा. रश्मि देसाई रियलिटी शो बिग बॉस के 15वें सीजन भी हिस्सा रह चुकी हैं. इस दौरान शो के कंटेस्टेंट अरहान और उनकी डेटिंग की खबर का खुलासा हुआ था. हालांकि, इसी दौरान उन्हें ये भी पता चल गया कि अरहान उनके साथ धोखा कर रहे हैं. जिसके बाद दोनों का रिश्ता खत्म हो गया.

### सिद्धार्थ शुक्ला के साथ जुड़ा नाम

वहीं बिग बॉस के दूसरे कंटेस्टेंट सिद्धार्थ शुक्ला के साथ भी रश्मि का नाम कई बार जोड़ा गया है. हालांकि, दोनों ने हमेशा ही अपने रिश्ते से इनकार किया है. रश्मि और सिद्धार्थ 'दिल से दिल तक' में एक साथ काम भी कर चुके हैं. करियर की बात की जाए, तो एक्ट्रेस ने सीरियल के अलावा अब ओटीटी प्लेटफॉर्म और फिल्मों में करियर आजमाना चाहती हैं. उन्होंने कहा कि मेरा सफर जारी है, क्योंकि मेरे सपने बहुत बड़े हैं.

## 14 फिल्मों की शूटिंग एक साथ करती थीं रेखा, 1 बार में साइन कर ली थीं 40 फिल्में



सबसे खूबसूरत, टैलेंटेड और दिग्गज एक्ट्रेस में शुमार रेखा को आखिर कौन नहीं जानता है. वो इंडस्ट्री का बड़ा नाम हैं और कई बेहतरीन फिल्मों में अपनी अदाकारी का दम दिखा चुकी हैं. 10 अक्टूबर 1954 को चेन्नई में जन्मीं रेखा की जिंदगी भले ही विवादों में रही हो, लेकिन आज वो जिस मुकाम पर पहुंच चुकी हैं, लोग वहां तक पहुंचने के सपने देखते हैं. हालांकि एक्ट्रेस को यहां तक पहुंचने के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ी है. इन बुलंदियों को छूने के लिए रेखा का जो संघर्ष है वो सभी के लिए एक मिसाल है. एक बार तो एक्ट्रेस ने खुद बताया था कि वो एक साथ 14 फिल्मों की शूटिंग किया करती थीं.रेखा ने महज 13 साल की उम्र से ही करियर की शुरुआत कर दी थी और कई तमिल फिल्मों में काम किया था और फिर बॉलीवुड का रुख कर लिया. रेखा ने करीब 180 से ज्यादा फिल्मों में काम किया और उनको इसके लिए कई अवॉर्ड्स भी मिल चुके हैं. रेखा ने कई महिला प्रधान फिल्मों में भी काम किया है और अपनी बेहतरीन अदाकारी का लोहा मनवाया.

### एक साथ 14 फिल्मों में काम करती थीं रेखा

बॉलीवुड में 'सावन भादों' फिल्म से करियर शुरू करने वाली रेखा ने अपने दौर में इतनी मेहनत की थी कि वो एक साथ 14 फिल्मों की शूटिंग किया करती थीं. एक्ट्रेस ने खुद इस बात का खुलासा किया था. रेखा जब हाल ही में कपिल शर्मा के शो द ग्रेट इंडियन कपिल शो में आईं थीं तब अर्चना पूरन सिंह ने रेखा से सवाल किया कि जैसे पहले एक्टर्स कई फिल्मों में साथ में काम करते थे. तो आपने एक साथ कितनी फिल्मों में काम किया है ? इसके जवाब में रेखा ने कहा, एक साथ कम से कम 40 फिल्में साइन की थी. और सेट पर एक साथ 14 फिल्मों की शूटिंग करती थी. रेखा की ये बात सुनने के बाद तो अर्चना और कपिल के साथ-साथ ऑडियंस भी हैरान रह गई थी.

### रेखा की फिल्में

रेखा के करियर के सफल दौर की बात करें तो 'घर' और 'मुकद्दर का सिकंदर' के जरिए एक्ट्रेस ने सफलता का स्वाद चखा था. कॉमेडी फिल्म खूबसूरत के लिए एक्ट्रेस को बेस्ट एक्ट्रेस का फिल्मफेयर अवॉर्ड भी मिल चुका है. इसके बाद उन्होंने 'एक ही भूल', 'अगर तुम न होते', 'बसेरा', 'जीवन धारा', 'अब इंसाफ होगा', 'अमीरी गरीबी', 'प्यार की जीत', 'संसार', 'सदा सुहागन', 'सिलसिला', 'मांग भरो सजना', 'उमराव जान' जैसी कई बेहतरीन फिल्मों में काम किया है.

## ससुर-बहू की जोड़ी हिट, अमिताभ-ऐश्वर्या ने सलमान-शाहरुख और आलिया समेत सबको छोड़ा पीछे



बॉलीवुड सितारों की सिर्फ भारत ही नहीं, बल्कि दुनिया के कई देशों में तूती बोलती है. शाहरुख खान, सलमान खान, अक्षय कुमार के तो करोड़ों दीवाने हैं. बीते कुछ सालों में साउथ के सितारों की फैन फोलोइंग भी खूब बढ़ी है. अल्लू अर्जुन और प्रभास जैसे स्टार्स को लोग खूब पसंद करते हैं. पर देश में एक सर्वे में हैरान करने वाले नतीजे सामने आए हैं. इस सर्वे में 82 साल के अमिताभ बच्चन ने तमाम एक्टर्स को पीछे छोड़ नंबर 1 एक्टर का तमगा हासिल कर लिया है. इस सर्वे में दीपिका पादुकोण नंबर 1 पर रहीं हैं.हम जिस सर्वे का जिक्र कर रहे हैं वो



इंडिया टुडे के लिए सी-वोटर ने किया है. मूड ऑफ द नेशन नाम से चलाए गए कार्यक्रम में जारी किए गए सर्वे के आंकड़े ने काफी लोगों को चौंका दिया है. रिपोर्ट में दावा है कि इस सर्वे के दौरान सी-वोटर ने 1 लाख 25 हजार 123 लोगों की राय ली है. इसे देश के हर लोकसभा सीटों पर किया गया है.

### अमिताभ बच्चन नंबर 1

सर्वे के मुताबिक सालों से बॉलीवुड में कदम जमाए हुए 82 साल अमिताभ बच्चन आज भी देश के लोगों की पहली पसंद बने हुए हैं. दूसरे नंबर पर बॉलीवुड के किंग शाहरुख खान हैं. लिस्ट में तीसरे नंबर पर अल्लू अर्जुन और चौथे पर सलमान खान को जगह मिली है. खिलाड़ी कुमार यानी अक्षय लिस्ट में पाचवें पायदान पर जगह बनाने में कामयाब रहे हैं. अमिताभ बच्चन की फिल्में भले ही सबसे ज्यादा कमाई न करती हों, लेकिन वो 50 दशक के बाद भी देश में लोगों के दिलों पर राज कर रहे हैं.

### दीपिका-ऐश्वर्या हैं सबकी फेवरेट

इस सर्वे में सिर्फ हीरो ही नहीं, हीरोइनों के बारे में भी लोगों से पूछा गया. देश के लोगों ने दीपिका पादुकोण को अपनी पहली पसंद बताया. हैरत की बात ये है कि सालों से फिल्मों से दूर ऐश्वर्या राय आज भी लोगों के दिलों में बसी हुई हैं. उन्होंने आलिया और कटरीना जैसी एक्ट्रेसेस को पीछे छोड़ दिया है और लिस्ट में दूसरे नंबर पर काबिज़ हैं. दरअसल ऐश्वर्या पिछले दिनों अपनी शादी में दिक्कतों को लेकर काफी चर्चा में रही थीं.

# रवीना टंडन

## शिल्पा शेट्टी को अक्षय ने किया था चीट, दोनों ने खिलाड़ी कुमार की खोली थी पोल



अक्षय कुमार और ट्विंकल खन्ना अपने दोनों बच्चों के साथ खुशहाल जिंदगी जी रहे हैं. लेकिन शादी से पहले उनके तमाम अफेयर्स रहे हैं, जो किसी से छिपे नहीं हैं. कुछ एक्ट्रेस ने तो अक्षय पर कई गंभीर आरोप भी लगाए थे. अक्षय कुमार का नाम शिल्पा शेट्टी, रवीना टंडन, प्रियंका चोपड़ा और रेखा के साथ भी जुड़ चुका है. रवीना के साथ तो अक्षय कुमार ने सगाई भी कर ली थी, लेकिन बाद में उनके कई और हसीनाओं के साथ रिश्ते होने की खबर आने लगी. बाद में रवीना और शिल्पा दोनों ने ही एक्टर पर कई गंभीर इल्जाम लगाए थे. इस स्टोरी में हम आपको रवीना टंडन और शिल्पा शेट्टी के साथ अक्षय कुमार के रिश्ते के बारे में बताने जा रहे हैं.स्टारडस्ट मैगजीन को दिए एक पुराने इंटरव्यू में रवीना टंडन ने अक्षय कुमार पर गंभीर आरोप लगाए थे. उन्होंने कहा था, जब अक्षय के दूसरे अफेयर्स होते थे तो मेरे कुछ जर्नलिस्ट दोस्त मुझे वॉर्निंग देते थे. मैंने अक्षय को सुष्मिता और रेखा के साथ रंगे हाथ पकड़ा था. एक और इंटरव्यू में रवीना ने कहा था, मेरे लिए ईमानदारी मायने रखती है, लेकिन अक्षय कुमार के लिए नहीं. वो हर बार ये उम्मीद करते थे कि मैं उनको माफ कर दूं, मैंने तीन साल तक ऐसा किया था.





### रवीना टंडन से क्यों टूटा रिश्ता ?

रवीना ने आगे बताया था कि वो महज 23 साल की थीं, तभी उनकी सगाई हो गई थी. उस वक्त वो अपने पिछले ब्रेकअप से उबर रहीं थीं, लेकिन अक्षय ने उनसे शादी करने की ख्वाहिश जाहिर की थी. रवीना ने कहा था, 卐मैं ऐसी लड़की नहीं हूं, जिसके साथ तुम रहो, मौज करो और फिर उसे छोड़ दो. तब उसने कहा मैं तुम्हारे घर मम्मी-पापा को भेजूंगा. तब उनके पैरेंट्स मेरे घर आए और मेरे मम्मी-पापा से मिले. ये अरेंज मैरिज जैसा हो गया था. मैं उनसे प्यार नहीं करती थी.卐 एक्ट्रेस ने ये भी दावा किया था कि उनसे सगाई के बाद अक्षय ने दो और लड़कियों से सगाई की थी. रवीना ने कहा था, वो मुझसे ब्रेकअप करते और किसी और से सगाई कर लेते थे, फिर मेरे पास आ जाते. ऐसा दो बार हुआ था. जब हमारा ब्रेकअप होता तो अगले हफ्ते वो किसी और से सगाई कर लेते थे. कहा जाता है कि शिल्पा को डेट करके एक्टर ने रवीना के साथ चीट किया था, तभी उनका रिश्ता टूट गया था.

### शिल्पा शेट्टी ने भी लगाए गंभीर आरोप

इसके बाद खबरें आईं कि अक्षय कुमार रवीना टंडन को छोड़कर शिल्पा शेट्टी के साथ रिलेशनशिप में आ गए हैं. उस दौर में ऐसी चर्चा थी कि 1994 में फिल्म 'मैं खिलाड़ी तू अनाड़ी' की शूटिंग के दौरान अक्षय और शिल्पा काफी करीब आ गए थे. दोनों ने लंबे समय तक एक दूसरे को डेट किया. लेकिन बाद में दोनों का रिश्ता टूट गया था.